दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा वार 00 मार्च 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 542



## संक्षिप्त खबरें ।

### बिहार विधानसभा चुनाव में इस बार बदले हुए प्लान के साथ उतरेगी कांग्रेस, बनाई ये रणनीति



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** साल 2020 के विधानसभा चुनाव से सबक लेते हुए 2025 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी आरजेडी के साथ गठबंधन में इस बार ज्यादा सीटें लेने की बजाय जीतने वाली सीट लेने पर फोकस करेगी। इस संबंध में कांग्रेस की तरफ से विशेष रणनीति पर विचार किया जा रहा है। कांग्रेस नेतृत्व ने राज्य के तमाम नेताओं से कौन सी सीट आरजेडी से कांग्रेस को लेनी चाहिए। इसके लिए राय शुमारी शुरू कर दी है। लेकिन अभी आधिकारिक तौर पर आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई है।

**बिहार के नेताओं के साथ मीटिंग करेगा केंद्रीय नेतृत्वः** सूत्रों की माने तो जल्द ही केंद्रीय नेतृत्व बिहार के नेताओं के साथ दिल्ली में बैठक करेगा, जिसके बाद औपचारिक तौर पर आरजेडी के साथ बातचीत शुरू की जाएगी। बिहार के नेताओं के साथ होने वाली बैठक का समय अभी तय नहीं किया गया है।

**पिछली गलती नहीं दोहराएगी कांग्रेसः** कांग्रेस का मानना है कि पिछले बार राजद ने कांग्रेस को हारने वाली ज्यादातर सीटें दी थी, जिससे कांग्रेस का स्ट्राइक रेट विधान सभा चुनाव में खराब रहा। लिहाजा कांग्रेस वो गलती 2025 के विधानसभा चुनाव में दोहराना नहीं चाहती। नालंदा, पटना, खगड़िया, वेस्ट चंपारण और गोपाल गंज, गया जिले की कई सीट कांग्रेस को दे दी गईं, जहां पर जातीय समीकरण आरजेडी के पक्ष में नहीं थी। हालांकि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 9 में से 3 सीट जीत दर्ज की और विधानसभा में नालंदा, गोपालगंज जैसी सीट आरजेडी के खाते के गई।

**पिछले चुनाव में महागठबंधन का प्रदर्शनः** गौरतलब है कि पिछली विधान सभा चुनाव में कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन जीत 19 सीटों पर ही मिली थी। आरजेडी ने 144 सीट में से 72 सीटों पर जीत दर्ज की थी। लेफ्ट पार्टियां 29 सीटों पर लड़ी थीं जिनमें से 16 पर जीत मिली थी।

# नीतीश कुमार नहीं होंगे अगले सीएम! बिहार में मुख्यमंत्री पद को लेकर अभी सस्पेंस बरकरार

**लोक तंत्र कीआवाज**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। एक ओर जहां एनडीए के नेता यह कह रहे हैं कि चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, वहीं मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। बीजेपी व जेडीयू के नेताओं के बीच इस मुद्दे पर बयानबाजी जारी है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्या नीतीश कुमार ही अगले सीएम होंगे या नहीं।

बीजेपी के बिहार अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा, लेकिन मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, यह फैसला बीजेपी के संसदीय बोर्ड और एनडीए के घटक दल मिलकर करेंगे। जायसवाल ने इसे ₹भगवान के हाथ में₹ छोड़ते हुए कहा, ₹जो होता है, वह ऊपर वाला करता है।₹ उनके इस बयान से यह साफ हो गया कि अभी मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम सार्वजनिक करना जल्दबाजी होगी।

**नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने भी किया बयान :** यह राजनीतिक घटनाक्रम नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के हालिया बयान से और गरमाया है। निशांत ने अपनी मां मंजू सिन्हा की जयंती के अवसर पर कहा था कि वे उम्मीद करते हैं कि एनडीए नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाएगा और उनके नेतृत्व में सत्ता में वापसी करेगा। निशांत ने खुलकर अपने पिता के समर्थन में बयान दिया, लेकिन जब उनसे अपनी सियासी एंट्री के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे अरे छोड़िए कहकर टाल दिया।

**जेडीयू सांसद दिलेश्वर कामैत ने दिया समर्थनः** इस बीच, जेडीयू के सांसद दिलेश्वर कामैत ने दावा किया कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है और बिहार में आगामी चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। उन्होंने विपक्ष के नेताओं, खासकर तेजस्वी यादव की बयानबाजी को खारिज करते हुए कहा कि बिहार में राजद और उनके नेता की कोई अहमियत नहीं है। कामैत का यह भी कहना था कि 2025 में एनडीए बहुमत हासिल करेगा और राजद का सफाया हो जाएगा, जिसके चलते विपक्षी दल बौखलाए हुए हैं।

**क्या मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस गहराएगा? :** कुल मिलाकर, बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व पर सहमति जताई जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर असमंजस बना हुआ है। बीजेपी और एनडीए के अन्य घटक दलों के बीच अब तक कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। इस मुद्दे पर फैसला जल्द आने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन यह सियासी पेच आने वाले दिनों में और दिलचस्प मोड़ ले सकता है।

## संभल की शाही जामा मस्जिद पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, रंगाई–पुताई पर रोक



**लोक तंत्र कीआवाज**

**इलाहाबाद।** रमजान से पहले संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने मस्जिद में रंगाई–पुताई की इजाजत देने से इनकार कर दिया है और केवल साफ–सफाई करने की अनुमति दी है। यह निर्णय भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है।

**हाईकोर्ट का फैसला और एएसआई की रिपोर्टः** इलाहाबाद हाईकोर्ट की जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की बेंच ने मस्जिद कमेटी को एएसआई की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देने के लिए मंगलवार तक का समय दिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि फिलहाल मस्जिद में रंगाई–पुताई की जरूरत नहीं है और सिर्फ सफाई का कार्य किया जाएगा। इससे पहले, गुरुवार को अदालत ने एएसआई को मस्जिद का निरीक्षण करने और यह बताने का आदेश दिया था कि वहां रंगाई–पुताई आवश्यक है या नहीं। एएसआई की तीन सदस्यीय टीम ने निरीक्षण के बाद कोर्ट में अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें उन्होंने पेंटिंग की जरूरत से इनकार किया।

कोर्ट के इस फैसले से असंतुष्ट मस्जिद कमेटी अब सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुस्लिम पक्ष के पास सुप्रीम कोर्ट जाने के लिए आज भर का ही समय है, क्योंकि यदि आज चांद दिखा तो रमजान की शुरुआत हो जाएगी।

### मस्जिद को लेकर विवाद

संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर विवाद पहले से जारी है। हिंदू पक्ष का दावा है कि यह मस्जिद नहीं, बल्कि "हरि हर मंदिर" था, जिसे तोड़कर मस्जिद का रूप दे दिया गया। इसको लेकर मस्जिद में एएसआई सर्वे भी कराया गया था, जिसे लेकर काफी बवाल हुआ था। सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई थी, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

## नीतीश ने दिया 15 सेकंड का भाषण, मांझी के कार्यक्रम ने बढ़ाई बिहार की सियासी हलचल

**लोक तंत्र कीआवाज**




**पटना।** बिहार चुनाव से पहले राज्य की सियासत लगातार सुर्खियां बटोर रही है। नीतीश कुमार के सीएम कैंडिडेट बनने पर पहले से सस्पेंस बना हुआ है। इसी बीच नीतीश कुमार के 15 सेकंड के भाषण ने बिहार की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है। जीतन राम मांझी के एक कार्यक्रम में पहुंचे नीतीश कुमार सिर्फ 15 सेकंड तक मंच से लोगों को संबंधित किया और धन्यवाद बोलकर चले गए।

**पटना में दिया भाषणः** दरअसल बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में दलित समागम समारोह का आगाज हुआ। यह समारोह केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा (सेक्युलर) ने आयोजित किया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। समारोह के दौरान नीतीश कुमार का भव्य स्वागत हुआ। वहीं जब मंच पर मौजूद नीतीश को कुछ बोलने के लिए कहा गया तो उन्होंने महज 15 सेकेंड का भाषण देकर सभी को चौंका दिया।

**15 सेकंड में क्या बोले नीतीश?:** दलित समागम समारोह के मंच से लोगों को संबोधित करते हुए नीतीश ने कहा कि मैं आप सभी लोगों का नमन करता हूं। आज पार्टी की मीटिंग हो रही है। इसके लिए सभी को बधाई। इस मीटिंग के बारे में जब हमें जानकारी मिली तो हम सबको बधाई देने आ गए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

### भाषण पर उठे सवाल

नीतीश कुमार के इस 15 सेकंड के भाषण ने बिहार की सियासी हलचल बढ़ा दी है। सभी के मन में सवाल है कि नीतीश आखिर इतनी जल्दी क्यों चले गए? क्या वाकई नीतीश और बीजेपी के बीच सब ठीक है? सीएम फेस का ऐलान न करने के कारण क्या नीतीश बीजेपी से नाराज चल रहे हैं?

### क्या है असली वजह

बिहार की राजनीति में यह सुगबुगाहटें आम हो गई हैं, लेकिन हम आपको बता दें कि बेशक नीतीश का भाषण काफी छोटा था, लेकिन वो इस कार्यक्रम के दौरान 10 मिनट तक मंच पर मौजूद रहे। नीतीश के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय चौधरी ने भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने थे। खबरों की मानें तो नीतीश को विधानसभा सत्र पहुंचना था, जिसके कारण वो जल्दी लौट गए।

## नीतीश तो गयो'... प्रशांत किशोर की यह भविष्यवाणी सच हुई तो क्या बिहार में लौटेगा तेजस्वी राज!

**लोक तंत्र कीआवाज**




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से ठीक पहले राज्य की राजनीति में एक से बढ़कर एक दावे किए जा रहे हैं. खासकर, सीएम नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर खूब बयानबाजी हो रही है. नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर जहां उनके बेटे निशांत कुमार ताबड़तोड़ बयान दे रहे हैं. वहीं, आरजेडी नेता तेजस्वी यादव और जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर भी एक से बढ़कर एक दावे कर रहे हैं. ऐसे में बिहार की जनता समझ नहीं पा रही है कि कौन सच बोल रहा है कौन झूठ?

गुरुवार को प्रशांत किशोर (पी के) ने एक बार फिर से नीतीश कुमार के स्वास्थ्य और तेजस्वी यादव के सीएम बनने को लेकर बड़ी भविष्यवाणी कर दी. पीके ने न केवल नीतीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर चैलेंज कर दिया, बल्कि तेजस्वी यादव के सीएम बनने को लेकर भी बड़ी बात कह दी।

प्रशांत किशोर ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए बिहार चुनाव, सीएम नीतीश कुमार, निशांत कुमार और तेजस्वी यादव से जुड़े सवालों का एक–एककर जवाब दिया. पीके ने कहा, 'किसी भी हालत में इस बार जद (यू) का एक भी आदमी नहीं जीतना चाहिए. क्योंकि, बिहार में नीतीश कुमार ने एक परिपाटी बना दी है कि वोट जनता किसी को भी दे और 5–10 विधायक जेडीयू का जीत जाएगा तो कहीं न कहीं गठजोड़ बनाकर सत्ता में घूसने की कोशिश करेगा. इसलिए, मैंने जनता से अपील की है कि जदयू का तो खाता ही नहीं खुलना चाहिए. न वह लालटेन के साथ जल सकें और न ही कमल के फूल पर बैठकर तैर सकें।

पीके का नीतीश कुमार को लेकर खुला चैलेंज पीके ने हाल ही में नीतीश मंत्रिमंडल में 7 नए मंत्री शामिल करने के सवाल पर कहा, 'भाजपा ने ही बनवाया है और भाजपा ही पीछे से सरकार चला रही है. सामने से नीतीश कुमार को मुखौटा बना रखा है। मैंने तो पहले ही कहा कि नीतीश कुमार फिजिकली टायर्ड हो गए हैं और मेंटली रिटायर्ड हो गए हैं। फिर भाजपा उनको कुर्सी पर बैठायी है और उसके बदले में सरकार में पूरा भागीदारी ले रही है. अभी जब 6 महीने बचे हैं तो 7 नए मंत्रियों को बनाने का क्या फायाद?

## उत्तराखंड के चमोली में भीषण हिमस्खलन, 41 मजदूर फंसे

**लोक तंत्र की आवाज़**

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के चमोली में भीषण हिमस्खलन में 57 मजदूर दब गए। जिस इलाके में हिमस्खलन हुआ वहां सड़क निर्माण का काम चल रहा था। चमोली के माणा स्थित बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन (BRO) के कैंप के पास ग्लेशियर फटने से यह बड़ा हादसा हुआ। 57 में से 16 मजदूरों को बचा लिया गया है। मौके पर राहत और बचाव दल को भेजने की कोशिश जारी है। भारी बर्फबारी के चलते राहत और बचाव कार्य शुरू करने में परेशानी आ रही है।

**घायल मजदूरों को माणा आर्मी कैंप में भेजा गया :** पुलिस मुख्यालय के प्रवक्ता कॅनीलेश आनंद भरणे ने बताया कि बार्डर इलाके माणा में सीमा सड़क संगठन (BRO) के कैंप के पास भीषण हिमस्खलन हुआ है। इस हिमस्खल की चपेट में आकर 57 मजदूर फंस गए। इनमें से 16 मजदूरों को बचा लिया गया है। हालत गंभीर होने के चलते इन्हें माणा के पास आर्मी के कैंप में भेज दिया गया है। इस बीच, BRO(सीमा सड़क संगठन) के अधिशासी अभियंता उफ्मीना ने बताया कि मौके पर 57 मजदूर मौजूद थे। तीन से चार एंबुलेंस भी भेजी गई हैं, लेकिन भारी बर्फबारी के कारण बचाव दल को वहां पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**लगातार बर्फबारी से बढ़ी मुश्किलें:** चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने बताया था कि चमोली जिले में माना गांव से आगे ग्लेशियर फटने से 57 मजदूर फंसे हुए हैं। मौसम खराब होने की वजह से फिलहाल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू नहीं हो पाया है। इलाके में लगातार बर्फबारी हो रही है। इस वजह से हेलीकॉप्टर वहां नहीं जा सकता है।जहां पर ग्लेशियर फटा है वह ऐसा इलाका है जो नो नेटवर्क जोन है। सेटेलाइट फोन भी वहां पर काम नहीं कर रहे हैं। हादसे का शिकार हुई टीम के साथ कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। हमारी कोशिश है कि सभी को रेस्क्यू किया जा सके। अब तक किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। इस बारे में ताजा अपडेट मिलने पर मीडिया को सूचित किया जाएगा।

### मौसम खराब होने से राहत और बचाव में परेशानी



### सीएम धामी ने हादसे पर जताया दुख!

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर दुख जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'जनपद चमोली में माणा गांव के निकट इफ्ह्र द्वारा संचालित निर्माण कार्य के दौरान हिमस्खलन की वजह से कई मजदूरों के दबने का दु:खद समाचार प्राप्त हुआ। कळ्इढ, इफ्ह्र और अन्य बचाव दलों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा रहा है। भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं। इस एनडीआरएफ की टीम को भी घटनास्थल की ओर मूव कर दिया गया है। बदरीनाथ हाईवे के हनुमान चट्टी से आगे बर्फबारी के कारण मार्ग अवरुद्ध होने से एनडीआरएफ की टीम माणा कैंप तक भी नहीं पहुंच पाई है।

## ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किम ने दिखाई अकड़, क्रूज मिसाइल टेस्ट कर बढ़ाई दुनिया के देशों की टेंशन

**लोक तंत्र की आवाज़**



**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** उत्तर कोरिया ने परमाणु हमले की स्थिति में जवाबी कार्रवाई करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए सामरिक रूप से अहम क्रूज मिसाइल के परीक्षण का शुक्रवार को दावा किया। इससे कुछ ही दिन पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका से बढ़ते खतरे का जवाब देने का संकल्प लिया था। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने देश के पश्चिमी तट पर मिसाइल परीक्षणों की निगरानी भी की।

**यह था मिसाइल टेस्ट का मकसद :** कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि इन प्रक्षेपणों का उद्देश्य ''हमारी सुरक्षा व्यवस्था का गंभीर उल्लंघन करने वाले और टकराव के माहौल को बढ़ावा देने वाले शत्रुओं को उत्तर कोरियाई सेना की जवाबी हमले की क्षमता और उसके परमाणु संचालन की तत्परता के बारे में सूचित करना है।'' यह उत्तर कोरिया का इस साल चौथा और अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दूसरा मिसाइल परीक्षण है।

**उकसावे की कार्रवाई कर रहा है अमेरिकाः** रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने परीक्षण के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सेना को युद्ध तथा अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने पिछले शनिवार को आरोप लगाया था कि ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से अमेरिका और उसके सहयोगी उत्तर कोरिया को निशाना बनाकर और गंभीर सैन्य उकसावे की कार्रवाई कर रहे हैं।

## तेलंगाना सुरंग हादसा: अब मजदूरों के रेस्क्यू के लिए उतरी रेलवे, टीम के साथ भेजा मेटल कटर

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नगरकुरनूल।** तेलंगाना के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन खंड का आंशिक हिस्सा गिर गया। इसके मलबे में आठ मजदूर फंसे हुए हैं। पिछले छह दिनों से सुरंग में फंसे आठ लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। वहीं अब इस अभियान में दक्षिण मध्य रेलवे भी शामिल हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि दक्षिण मध्य रेलवे ने बचाव अभियान के लिए आवश्यक उपकरण भी उपलब्ध कराए हैं।

**एक्सपर्ट्स की दो टीम तैनात :** दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ए. श्रीधर ने बताया कि रेलवे के पास 'प्लाज्मा कटर' और 'ब्रोको कटिंग मशीन' जैसे उपकरणों का उपयोग करके भारी धातुओं को काटने की विशेषज्ञता है। ए. श्रीधर ने कहा, ''नगरकुरनूल के जिलाधिकारी ने बचाव कार्यों में बाधा डाल रहे लोहे और स्टील के मलबे को हटाकर बचाव अभियान में दक्षिण मध्य रेलवे की मदद मांगी है।'' उन्होंने कहा कि एससीआर ने मदद मांगे जाने पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और बचाव अभियान में धातु काटने के विशेषज्ञों की दो टीम को तैनात किया। डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर एस. मुरली के नेतृत्व में पहला बैच घटना स्थल पर पहुंच गया है और आवश्यक कार्य शुरू कर दिए गए हैं। इसमें एक वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर, 13 वेल्डर और सिकंदराबाद के दो तकनीशियन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि कल रात पहली टीम की मदद के लिए विशेषज्ञों का दूसरा बैच भी घटना स्थल पर पहुंच गया। इस बीच, नगरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वैभव गायकवाड़ ने कहा कि धातु काटने और मलबा साफ करने की प्रक्रिया लगातार जारी है।

## सर्वे में बिहार की 41 फीसदी जनता चाहती है तेजस्वी यादव बनें सीएम, सीएम नीतीश की लोकप्रियता घटी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल (फखऊ) के लिए अच्छी खबर आई है. अब आप सोच रहे होंगे कि वो कौन सी खबर है जिससे लालू परिवार खुश हो जाएगा? दरअसल, तेजस्वी यादव को लेकर राजनीतिक पंडितों ने बड़ी भविष्यवाणी की है. उनके मुताबिक, जब से पार्टी ने आधिकारिक तौर पर नेतृत्व की जिम्मेदारी तेजस्वी यादव को सौंपी है, तब से तेजस्वी यादव की लोकप्रियता और भी बढ़ गई है. राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो इस बार का विधानसभा चुनाव सीएम नीतीश कुमार के लिए चुनौतीपूर्ण होने वाला है।

माना जा रहा है कि 18 जनवरी 2025 को राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर तेजस्वी यादव को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बराबर अधिकार दिए गए. इस बैठक में पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती समेत कई वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और एमएलसी मौजूद थे. इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में यह संदेश साफ हो गया कि अब तेजस्वी को पार्टी के लिए फैसले लेने का पूरा अधिकार है. जिसे देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि तेजस्वी यादव के लिए उनके समर्थकों का जनसमर्थन उमड़ पड़ा है।

**बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार की लोकप्रियता घटीः** बिहार में आगामी चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल गरम है. हाल ही में एक सर्वे रिपोर्ट सामने आई है, जिससे संकेत मिलता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है. 41% जनता तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहती है, जबकि सिर्फ 18% लोग चाहते हैं कि नीतीश कुमार फिर से सत्ता में आएं। इस चुनाव में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़े चुनावी मुद्दे बने हुए हैं.

**राजनीतिक विश्लेषकों की राय :** इस सर्वे को लेकर राजनीतिक विश्लेषक अरुण कुमार ने अलग राय रखी है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की लोकप्रियता में कमी आई है, लेकिन सर्वे के आधार पर कोई निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा. अरुण कुमार के अनुसार, तेजस्वी को अपने पिता लालू प्रसाद यादव की तरह राजनीति करनी होगी. केवल 'A to Z' की राजनीति की बात करने से कुछ नहीं होगा।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भारतीय थल सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने आयुष को ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज नगर परिषद के जवाहर पार्क मोहल्ला निवासी पीएलवी अश्विनी सिन्हा का 12 वर्षीय पुत्र सह सैनिक स्कूल रेवाड़ी पंजाब के छठी कक्षा का छात्र आयुष सिन्हा ने विश्व स्तर की हिंदी ओलंपियाड में पांचवा स्थान हासिल कर नाम रोशन किया है।आयुष की सफलता की सूचना पर वारिसलीगंज के शिक्षविद, बुद्धिजीवियों व पत्रकारों ने बधाई एवं शुभकामना दी है।उसके पिता ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा सूचना मिली कि विदेश मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा अनुमोदित व अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली की सौजन्य से आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता 2024–25 में सैनिक स्कूल रेवाडी के कक्षा छह का छात्र कैडेट आयुष सिन्हा ने विश्व स्तर पर पांचवां स्थान हासिल कर इतिहास रचने का कार्य किया है।स्कूल प्रबंधन ने दूरभाष पर बताया की विश्व के 25 देश, 5000 से अधिक विद्यालयों के दो लाख से अधिक प्रतिभागी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें कक्षा छह के कैडेट आयुष सिन्हा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पांचवी रैंकिंग हासिल किया है। भारतीय थल सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राकेश कपूर ने ट्राफी व प्रमाण पत्र प्रदान किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन आदि थे।

### ऑयल फिल्टरेशन ट्रांसफार्मर को लेकर वारिसलीगंज मायाबिगहा,ठेरा,कचना एवं गंगा वॉटर में आज से चार दिन तक कुछ कुछ समय के लिए बाधित रहेगी बिजली



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज के बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड उपकेन्द्र में कल रविवार से ऑयल फिल्टरेशन का कार्य को लेकर वारिसलीगंज ,पाली, मायाबिगहा ,ठेरा,कचना एवं गंगा वॉटर में सुबह 06 बजे से 10 बजे एवं शाम में कुछ कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।इस संबंध की जानकारी देते हुए वारिसलीगंज के बासोचक स्थित 132/33 केवी ग्रिड के सहायक कार्यपालक अभियंता सतेंद्र कुमार ने बताया कि दिनांक 01 फरवरी से वारिसलीगंज ग्रिड में महत्वपूर्ण कार्य ट्रांसफार्मर का ऑयल फिल्टरेशन है।इस बीच उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि बिजली संबंधित अपने आवश्यक कार्य को पहले निबटा लें। ताकि उपभोक्ताओं को कोई परेशानी न हो सके।बिजली बाधित होने को ले उन्होंने खेद प्रकट किया है।

### शिक्षक के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन



**कौआकोल।** प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमा,केवाली में पदस्थापित शारीरिक शिक्षक धर्मजीत प्रसाद के सेवानिवृत्त हो जाने के बाद शुक्रवार को विद्यालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने शिक्षक को अंगवस्त्र देकर फूल मालाओं से लादकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कौआकोल बीईओ सुशील कुमार मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षक धर्मजीत प्रसाद के कार्यकलापाओं की चर्चा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य की बात है 18 वर्षों तक धर्मजीत प्रसाद इस विद्यालय में निर्विवाद एवं बेहतरीन ढंग से शिक्षण कार्य किए। वहीं कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में ही भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मौके पर पूर्व बीआरपी व शिक्षक प्रीतम कुमार,कैलाश यादव,अनूप यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा कर किया गया शिव विवाह संपन्न

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** प्रखंड के स्थानीय सिंचाई विभाग सिरदला मंदिर में शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा विद्वान पंडितों के द्वारा मंत्रोचार कर शिव विवाह संपन्न कराया गया। इस शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 फरवरी को कलश यात्रा निकाला गया था। 25 फरवरी को बेदी पूजन कर नगर भवन कराया गया। एवं 26 फरवरी महाशिवरात्रि के दिन मंत्रोचार कर विधि विधान से शिव विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर शिव मंदिर परिसर में कथावाचक के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। तथा महाशिवरात्रि के दिन रात भर श्रद्धालु शिव भक्ति में भजन कीर्तन कर झूमते नजर आए। इस मौके पर महाप्रसाद का वितरण का समापन किया गया। मौके पर सिरदला के दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ककोलत महोत्सव-2025 का आगाज, नवादा वासियों ने लिया संगीत कार्यक्रम का आनंद










**लोक तंत्र कीआवाज**

**सुनील कुमार**

**नवादा।** नवादा के ऐतिहासिक स्थल हरिश्चन्द्र स्टेडियम में तीन दिवसीय ककोलत महोत्सव-2025 का उद्घाटन डॉ. प्रेम कुमार (सहकारिता विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग-सह-प्रभारी मंत्री, नवादा) द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा दवी, नगर परिषद अध्यक्ष हिसुआ पूजा कुमारी, नगर परिषद अध्यक्ष वारिसलीगंज, जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश, उप विकास आयुक्त प्रियंका रानी, अपर समाहर्त्ता चन्द्रशेखर आजाद, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी आदि के द्वारा भी दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। उद्घाटन संबोधन में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पहले ककोलत महोत्सव एक छोटा रूप में मनाया जाता था जो जिला प्रशासन के प्रयास के कारण अब बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है, जिसके लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में पूरा नवादा जिला प्रशासन धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन बिहार के विकास की पहचान है। जिलाधिकारी रवि प्रकाश के द्वारा स्वागत भाषण में कहा गया कि ककोलत और नवादा एक दूसरे के परिचायक है, उन्होंने ककोलत के बारे में बताया कि नवादा ककोलत से जाना जाता है और ककोलत नवादा से। ककोलत जलप्रपात नवादा जिले में एक सुरम्य जलप्रपात है, जो लोकप्रिय दृश्यों के कारण पर्यटकों को लुभान्वित करता है। ककोलत हमारी सांस्कृतिक पहचान है। यह भारत में सबसे अच्छे झरनों में से एक है एवं झरने का पानी पूरे वर्ष के लिए ठंडा रहता है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में ककोलत को एक नई पहचान दिया गया। महोत्सव के उद्घाटन के उपरांत विशिष्ठ अतिथियों को मोमेंटो और स्टॉल देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात् संगीत जगत के गायक सत्येन्द्र कुमार संगीत के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति की गई, जिससे दर्शक मन्त्रमुग्ध हो गए। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी महोदय एवं दर्शकों के द्वारा भी फरमाईश किया गया, जिसे सत्येन्द्र कुमार संगीत के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में माननीय मंत्री एवं जिलाधिकारी द्वारा कलाकारों को मोमेंटो एवं स्टॉल देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि 28 फरवरी को संध्या 07:00 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम में मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर की प्रस्तुति होगी। इस कार्यक्रम को लेकर उन्होंने नवादावासियों से अपील की है कि आप सभी कार्यक्रम में उपस्थित होकर संगीत का आनन्द लें।

# मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर किया कार्य




**लोक तंत्र कीआवाज**

**पकरीबरावा।** वेतन संरचना निर्धारित कर प्रतिमाह वेतन भुगतान करने, बकाया अनुदान राशि का बजटीय उपबंध कर एकमुश्त भुगतान करने, बिहार सरकार की संकल्प का अनुपालन करते हुए परीक्षा परिणाम आधारित अनुदान राशि स्नातक स्तर के लिए एक करोड़ पच्चास लाख एवं इण्टर स्तर के लिए पच्चास लाख की बंधेज को समाप्त कर पूर्ण राशि का भुगतान आदि मांगों को लेकर शुक्रवार को संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने विधानमंडल सत्र के प्रथम दिन 28 फरवरी को काला दिवस मनाया। इसी कड़ी में पकरीबरावां के कृषक महाविद्यालय धेवधा में भी प्रभारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र कुमार के नेतृत्व में डॉ. चंद्रकांत झा, डॉ. अनिल कुमार सिंह, प्रो. शशिभूषण कुमार, प्रो. रौशन कुमार, रवि कुमार आदि शिक्षक - शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने महाविद्यालय में काला बिल्ला लगाकर कार्य किया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा। उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों ने भी काली पट्टी बांधकर मूल्यांकन का कार्य किया। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक- शिक्षकेत्तर कर्मचारी महासंघ ( फैक्टनेब ) के अध्यक्ष डॉ. शंभुनाथ प्रसाद सिन्हा, महासचिव प्रो. राजीव रंजन एवं मीडिया प्रभारी प्रो. अरुण गौतम ने बताया कि आन्दोलन की अगली कड़ी में 5 मार्च को राज्य के सभी विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कुलपति को सौंपेंगे। तत्पश्चात, 5 मार्च से 19 मार्च तक सांसदों, विधायकों, विधान पार्षदों, पत्रकारों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं आदि से संपर्क अभियान चलाकर मांगों का समर्थन करने का अपील किया जाएगा। फैक्टनेब नेताओं ने राज्य सरकार को आगाह किया है कि इसके बावजूद हमारी समस्याओं का निदान नहीं हुआ, तो 20 मार्च को विधानमंडल का घेराव करते हुए संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के शिक्षाकर्मी अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगें ।

# 10 मार्च को विधानमंडल का घेराव करेंगे वित्तरहित शिक्षक कर्मी

**लोक तंत्र कीआवाज**

**कौआकोल।** अपने विभिन्न मांगों को लेकर काफी वर्षों से संघर्ष कर रहे वित्तरहित शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने एक बार फिर से आंदोलन का कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। शुक्रवार को जिले के सभी वित्तरहित कॉलेजों के सम्बंधित शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने एक स्वर में आगामी 10 मार्च को विभिन्न मांगों को पूरा करवाने को लेकर विधानमंडल का घेराव करने का निर्णय लिया है। मोर्चा के जिलाध्यक्ष व वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट के प्राचार्य डॉ० बिपिन सिन्हा ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि वित्तरहित शिक्षा निति को खत्म कराने के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने की रणनीति बनायी गयी। वित्तरहित शिक्षा कर्मियों द्वारा सर्वसम्मति से 10 मार्च को विधान मंडल का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इसके पूर्व सामूहिक रूप से शुक्रवार 28 फरवरी को हड़ताल पर रहकर एवं धरना देकर आक्रोश का इजहार किया गया। उन्होंने बताया कि वित्तरहित शिक्षा नीति से कई हजार परिवार प्रभावित हो रहे हैं। बावजूद सरकार उनलोगों के समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है। जिसके कारण उनलोगों के समक्ष आंदोलन की एकमात्र विकल्प है। उन्होंने बताया कि मोर्चा के प्रमुख मांगों में शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को वेतनमान देने,लंबित 7 वर्षों के अनुदान का एकमुश्त भुगतान करने,सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन व अन्य सुविधाएं देने,सेवानिवृत्ति की आयु 5 वर्ष बढ़ाने,माध्यमिक विद्यालयों का संबंधन कोड / निलंबन आदेश को रद्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर 10 मार्च को विधानमंडल का घेराव किया जाएगा। जिसमें सभी विद्यालय व महाविद्यालय को बंद कर शिक्षाकर्मियों से पटना पहुँचने का आह्वान किया गया है।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने किसानों और गरीबों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं: डॉ मनीष पंकज मिश्रा

**लोकतंत्र की आवाज़**



**गया।** देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न से सम्मानित डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सदस्यों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस मौके पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. प्रसाद के जीवन और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के गया जिला का प्रभारी सह डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता, कुशल प्रशासक और विनम्र व्यक्तित्व के धनी थे। उनका पूरा जीवन सादगी, ईमानदारी और देश सेवा के लिए समर्पित रहा है। भारतीय संविधान निर्माण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। वे एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने सत्ता को सेवा का माध्यम माना और आजीवन राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। डॉ. प्रसाद ने किसानों और गरीबों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। वे हमेशा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी विचारधारा के समर्थक रहे हैं। उनके आदर्श आज भी हमें देश और समाज के विकास के लिए प्रेरित करते हैं।उपस्थित भजपा जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि उनके बताए हुएमार्ग पर चलने का संकल्प ले उन्होंने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद की ईमानदारी, कर्तव्य परायणता और राष्ट्रभक्ति आज भी प्रासंगिक है और देशवासियों को उनसे सीख लेनी चाहिए।उपस्थित सभी लोगो ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ इस महान विभूति को नमन किया और उनके सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लिया है। आज नमन करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर बबलू गुप्ता आदि।

# मेसकौर : मध्य विद्यालय तेतरिया के सहायक शिक्षक हुए सेवानिवृत्त, ससम्मान दी गयी विदाई

**लोक तंत्र कीआवाज**



**मेसकौर।** शुक्रवार को प्रखंड अंतर्गत स्थित मध्य विद्यालय तेतरिया में सहायक शिक्षक चंद प्रसाद के सेवानिवृत्ति के उपरांत विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह के कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक विजय कुमार ने किया और मंच संचालन शिक्षक शैलेन्द्र कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। बता दें कि सहायक शिक्षक चंद प्रसाद मार्च 2007 में मध्य विद्यालय तेतरिया में योगदान दिए थे और 28/02/2025 (शुक्रवार) को कार्यकाल पूरा हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यक विजय कुमार ने बताया कि इनका 18 साल का कार्यकाल काफी अनुकरणीय, सहयोगात्मक और विद्यालय के प्रति समर्पित रहा। इनका शिक्षण शैली बच्चों के लिए बहुत लोकलुभावन और उत्प्रेरक रहा। विदाई समारोह में सभी कार्यरत शिक्षकों ने अंग वस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहां उपस्थित छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर लोगों का मन मोह लिया। मौके पर शिक्षक श्रीकांत चौहान, ललिता सिन्हा, सत्येंद्र कुमार, पुष्पा सिन्हा, मीरा कुमारी, रेनू कुमारी, गीता कुमारी, तौकीर आलम, सीमा कुमारी, तालीमी मरकज मो आसीफ एकबाल सहित दर्जनों शिक्षक सहित सैकड़ों विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

# महाशिवरात्रि के अवसर पर नाटक मंचन का हुआ उद्घाटन





**लोक तंत्र कीआवाज**

**नवादा।** जिले के नारदीगंज प्रखंड स्थित बस्ती बीघा गांव में महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित हो रहे भक्ति संगीत एवं नाटक मंचन का उद्घाटन नवादा के प्रसिद्ध समाजसेवी,शिक्षाविद् डॉ अनुज सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। नाटक का आयोजन श्री शिव नाट्य कला परिषद बस्ती बीघा के द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ अनुज को नाटक कला परिषद के अध्यक्ष नीतीश कुमार ,सचिव मुरारी कुमार और कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार एवं संटु कुमार के द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। निर्देशक ओमकार कुमार के नेतृत्व में दहेज दानव नाटक का मंचन ग्रामीण कलाकारों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि इस नाटक से हमारे बचपन की यादें जुड़ी हुई है। नाटक से केवल हमारा मनोरंजन ही नहीं होता बल्कि सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक विविधता को बनाए रखने का सबसे बढ़िया उपाय है। महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित यह नाटक हम सबको आस्था एवं श्रद्धा के महाकुंभ में डुबकी लगाएगा।इस शिवरात्रि के अवसर पर आयोजित इस नाटक का एक अलग महत्व है। उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन से हमारे संस्कृति,समाज और आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। मंच संचालन का कार्य मिथिलेश कुमार मौर्य के द्वारा किया गया मौके पर समाजसेवी महेश प्रसाद कुशवाहा, पसई निवासी समाजसेवी अनिल कुमार सिंह, अधिवक्ता अरविंद कुमार, कैलाश प्रसाद यादव, गंगाचरण कुशवाहा, अवधेश कुमार सिंह ,कमलेश कुमार, आशीष कुमार, सुजीत कुमार, राजू कुमार, भूषण कुमार, उपेंद्र रजक,डॉ संजय कुमार,पूर्व मुखिया महेश कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# टटेश्वरनाथ मंदिर परिसर के मेला में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**लोकतंत्र की आवाज**

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** महाशिवरात्रि संपन्न होने के अगले दिन गुरुवार को श्रद्धापूर्वक व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। उसके अगले दिन गुरुवार को ठेरा गांव स्थित टटेश्वर नाथ मंदिर परिसर में भव्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें नवादा, नालंदा, शेखपुरा, जमुई लखीसराय आदि के र हजारों लोग पहुंच हजारों लोग पहुंचकर बाबा टटेश्वर नाथ की पूजा अर्चना की। बता दें कि महाशिवरात्रि और सावन महीना में बाबा - भोलेनाथ की पूजा अर्चना पूरे देश में श्रद्धा भाव से की जाती है। वहीं वारिसलीगंज सहित आधा दर्जन पड़ोसी जिला के हिंदू परिवारों का मुख्य श्रद्धा का र केंद्र गुप्तकालीन ठेरा गांव स्थित टाटी र नदी के तट पर विराजमान बाबा टटेश्वर नाथ का मंदिर है। जहां महाशिवरात्रि और शिवरात्रि के अगले दो दिनों तक क्षेत्रवासियो का भव्य मेला आयोजित की जाती है। बता दें कि मंदिर परिसर में बरसों से आयोजित हो रही मेला में क्षेत्रवासियों का जमावड़ा लगता है। जिससे सरकार को अच्छी-खासी राजस्व प्राप्त होती है। लेकिन सरकारी स्तर पर व्यवस्था नगण्य रहता है। मेला की सारी व्यवस्था मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा स्वयं की जाती है। मेला में पहुंचने वाले लोग बताते हैं कि सरकार को पेयजल शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए।



**नलकूपों पर की गई स्नान की व्यवस्थाः** बरसाती टाटी नदी में पानी नहीं रहने के कारण मेला आयोजको द्वारा पास स्थित ट्यूवेल से पाइप का झरना बनाया गया, जहां स्नान बाद श्रद्धालुओं ने टतेश्वर नाथ महादेव पर जलाभिषेक एवं दर्शन पूजन किया गया। ग्रामीणों द्वारा संग्रहित डेढ करोड़ की रकम में से 108 फीट ऊंची शिव मंदिर तथा उतना ही राशि से परिसर में माता पार्वती के आकर्षक मंदिर का निर्माण करवाया गया है। जबकि गेरुआ रंग से रंगा चकाचक नंदी बैल परिसर की शोभा बढ़ा रहा है।

**ठेरा में मनौती पूरा होने के बाद होता है बच्चों का मुंडनः** ठेरा गांव में टाटी नदी के तट पर विराजमान बाबा टटेश्वर नाथ मंदिर के पास महा शिवरात्रि के दिन क्षेत्र के अगल-बगल के वैसे परिवार जिनकी मनोकामना पूरी हो जाती है या पूर्व में बच्चों की मुंडन करने की मनौती मांगी गई थी। शिवरात्रि के दिन दर्जनों परिवार अपने बच्चे का मुंडन करवाते है। जिसके लिए पारंपारिक ढोल बाजा के साथ परिजन घर से ही भगवान भोलेनाथ का जयकारा लगाते, गीत गाते मंदिर परिसर तक पहुंचते है। मंदिर के पास पहुंच कर बाबा भोलेनाथ मंदिर की परिक्रमा कर टाटी नदी में स्नान कर पूजा अर्चना के बाद अपने बच्चे का मुंडन कराया जाता है। महाशिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना के बाद क्षेत्रवासियों का अगले दिन मंदिर परिसर में भव्य मेला लगता है। मेला में आए श्रद्धालु को आकर्षित करने के लिए आसमानी झूला, ब्रेक डांस, सिंगार , सिंगार की दुकान सहित कई दर्जन मिठाई चाउमीन की दुकान, डिजिटल स्टूडियो आदि की व्यवस्था की जाती है। जहां बच्चे व महिलाएं की अच्छी खासी भीड़ लगी रहती है।शिवरात्रि के दिन पूजा अर्चना बाद शाम को भगवान शिव की भव्य बारात निकाली जाती है।

# विभिन्न मांगों को लेकर भाकपा माले ने दिया कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय पर धरना

**लोक तंत्र कीआवाज**



**कौआकोल।** भाकपा माले की प्रखण्ड इकाईं ने शुक्रवार को विभिन्न मांगों को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद भाकपा माले की एक शिष्टमंडल ने सीओ को ज्ञापन भी दिया। भाकपा माले के मंटू कुमार, दिलीप कुमार,राजेन्द्र मांझी, बसन्ती देवी,दुलरवा देवी,रोहन मांझी, मीना देवी आदि ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण गरीब मजदूर, किसान, नौजवान, महिलाएं अपने आप को शोषित एवं पीड़ित समझ रही है। सूबे की नीतीश सरकार के राज में अफसरशाही चरम सीमा पर है। बगैर चढ़ावा के कोई भी जायज काम नहीं हो रहा है। धरना पर बैठे वक्ताओं ने बढ़ती मंहगाई,रोजगार आदि के मुद्दों को लेकर भी सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। भाकपा माले के दिलीप कुमार एवं मंटू कुमार ने बताया कि एक दिवसीय धरना के बाद क्षेत्रीय 11 सूत्री समस्याओं का एक ज्ञापन सीओ को सौंपकर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई।

## संक्षिप्त खबरें ।

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से चल रहा है आधा दर्जन अस्पतालों को किया सील



**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

जनपद बिजनौर के नहटौर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से चल रहे छह अस्पतालों को सील कर दिया है। नहटौर क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध रूप से चल रहे छह अस्पतालों पर छापामार कारवाई करते हुए सील कर दिया है एसीएमओ डॉक्टर अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। स्वास्थ्य विभाग को पिछले काफी दिनों से इन अवैध अस्पतालों की शिकायतें मिल रही थीं। स्थानीय निवासी अकबर अली ने स्वास्थ्य अधिकारियों को बताया था कि क्षेत्र में करीब 26 अस्पताल बिना वैध दस्तावेजों के चल रहे हैं। इनमें कई जगह सर्जरी जैसी गंभीर प्रक्रियाएं भी की जा रही थीं। कार्रवाई के दौरान पब्लिक हॉस्पिटल, आयुष्मान प्रकाश हॉस्पिटल, लाइफ हेल्थ केयर हॉस्पिटल और किलकारी हॉस्पिटल समेत छह अस्पतालों को सील किया गया। एसीएमओ ने बताया कि इन अस्पतालों के संचालक वैध रजिस्ट्रेशन के दस्तावेज नहीं दिखा पाए। स्वास्थ्य विभाग अब इन अस्पतालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि शेष अवैध अस्पतालों की भी जांच की जाएगी।

### गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर क्षत्रिय राजपूत सभा समिति के सदस्यों ने अउ्ट को ज्ञापन दिया



**रिपोर्ट राजेंद्र चौहान**

क्षत्रिय राजपूत सभा समिति के दर्जनों सदस्य आज कलेक्ट्रेट में इकट्ठा हुए और गंगा एक्सप्रेसवे को लेकर अमरोहा के तिगरी घाट से बिजनौर के पौराणिक स्थलों से होते हुए निकाले जाने के संबंध में , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संभोधित एक ज्ञापन अउ्ट प्रशासन को सोपा । दरअसल मेरठ से हरिद्वार तक गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण प्रस्तावित है। पूर्व में अपनी जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेसवे को बिजनौर के पौराणिक स्थलों से होकर निकाले जाने की बात की थी। इसी मामले को लेकर आए दिन बिजनौर में विभिन्न संगठनों और राजनीतिक पार्टियों के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में सर्व श्री महेंद्र पाल सिंह चौहान, देवेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, मनोज चौहान,गजेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष युवा व्यापार मंडल, राजवीर सिंह सभासद नगर पालिका परिषद बिजनौर ,सुनील चौहान, गीता राजपूत, राजीव राजपूत ,वीरेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### बिजनौर मे 2 मार्च को पहुंचेगी बेल्जियम की राजकुमारी

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**



चांदपुर मार्ग पर बेल्जियम की एग्रिस्टो कंपनी की नई यूनिट बनेगी। इसकी नींव रखने के लिए वहां की राजकुमारी 65 प्रतिनिधियों के साथ दो मार्च को बिजनौर पहुंचेंगी। उनके साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचने की भी संभावना है। इस दौरे को देखते पुलिस, प्रशासन अलर्ट हो गया। बुधवार को एसपी सिटी ने अधिकारियों के साथ एग्रिस्टो कंपनी स्थल पर पहुंचकर हेलीपैड समेत तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हीमपुर दीपा क्षेत्र में एग्रिस्टो कंपनी की दूसरी यूनिट लगनी है। इस यूनिट के लिए दो मार्च को भूमि पूजन होना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए बेल्जियम के राजा के प्रतिनिधि के रूप में वहां की राजकुमारी 65 सदस्यों के साथ पहुंचेंगी। इनमें बेल्जियम के उप प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री समेत वहां की सरकार के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस दिन यहां पहुंच सकते हैं। इस कंपनी ने वर्ष 2022 में जिले में उत्पादन शुरू किया था। यहां के उत्पाद विदेशों को भी निर्यात किए जाते हैं। कंपनी करीब 750 करोड़ की लागत से फ्रोजन फ्रेंच फ्राइज की यूनिट लगा रही है। डीएम जसजीत कौर ने बताया कि बेल्जियम की राजकुमारी और प्रतिनिधि आ रहे हैं।

# जिला न्यायाधीश ने जिला कारागार का मासिक भ्रमण कर वैरिको का निरीक्षण किया और बंदियों की समस्याओं का जायजा लिया

लोकतंत्र की आवाज



**उरई ।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव ने आज जिला कारागार उरई का मासिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री राजीव सरन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक खरे एवं जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।

निरीक्षण में माननीय जिला जज महोदय ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये। मा0 जनपद न्यायाधीश के द्वारा जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जिन विचाराधीन बन्दियों की जमानत



सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं एवं जमानतगीर के अभाव में जेल में रिहा नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे बन्दियों की सूची कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अविलम्ब उपलब्ध कराये जिससे कि उनकी रिहाई सम्भव हो सके।इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, उप कारापाल अरविन्द सिन्हा व अमर सिंह, जेल चिकित्सक डॉ० राहुल बर्मन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड चमोली में हुआ बड़ा हादसा, ग्लेशियर टूटने से 50 से ज्यादा मजदूर दबे



लोकतंत्र की आवाज़

**रिपोर्ट जसवीर सिंह**
**उत्तराखंड के जनपद चमोली**

जिले में ग्लेशियर टूटने से 50 से ज्यादा मजदूर दबे। ये हादसा माणा गांव के पास हुआ है। हादसे का शिकार हुए मजदूर इलाके में सड़क निर्माण कर रहे थे। अभी तक जानकारी के अनुसार, 57 मजदूर फंसे हुए हैं। वहीं अभी तक 16 मजदूरों को रेस्क्यू के जरिए निकाला जा चुका है। फिलहाल मौके पर बचाव दल रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। आर्मी और आईटीबीपी मौके पर मुस्तैद है।

**ग्लेशियर टूटने से 57 मजदूर फंसे:** उत्तराखंड पुलिस हेडक्वार्टर के प्रवक्ता आईजी नीलेश आनंद भरणेने बताया, 'सीमा क्षेत्र माणा में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कैंप के पास भीषण हिमस्खलन हुआ है, जिसमें सड़क निर्माण में लगे 57 मजदूर फंस गए हैं। इन मजदूरों में से 10 मजदूरों को बचा लिया गया है और गंभीर हालत में माणा के पास सेना के कैंप में भेज दिया गया है।

**मौके पर बचाव दल मौजूद :** इस बीच, बीआरओ के अधिशासी अभियंता सीआर मीना ने बताया कि मौके पर 57 मजदूर मौजूद हैं। तीन से चार एंबुलेंस भी भेजी गई हैं, लेकिन भारी बर्फबारी के कारण बचाव दल को वहां पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।जनपद चमोली में माणा गाव के निकट बीआरओ द्वारा संचालित निर्माण कार्य के दौरान हिमस्खलन की वजह से कई मजदूरों के दबने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। आइटीबीपी, बीआरओ और अन्य बचाव दलों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा रहा है। भगवान बदरी विशाल से सभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की.. हादसे का सीएम धामी ने लिया संज्ञान चमोली हादसे पर सीएम पुष्कर सिंह धामी नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, जनपद चमोली में माणा गांव के निकट बीआरओ द्वारा संचालित निर्माण कार्य के दौरान हिमस्खलन की वजह से कई मजदूरों के दबने का दुःखद समाचार प्राप्त हुआ। आइटीबीपी, बीआरओ और अन्य बचाव दलों द्वारा राहत एवं बचाव कार्य संचालित किया जा रहा है। भगवान बदरी विशाल सेसभी श्रमिक भाइयों के सुरक्षित होने की प्रार्थना करता हूं। जानकारी के अनुसार, ये मजदूर सड़क निर्माण के लिए एक निजी ठेकेदार के साथ काम कर रहे थे। पिछले 48 घंटों में इलाके में भारी बर्फबारी के बाद ग्लेशियर नदी में गिर गया। ग्लेशियर के पास निर्माण स्थलों को काफी नुकसान पहुंचा है। सरकार ने इलाके में रहने वाले निवासियों को अलर्ट भेजा है।

## रेलवे लाइन पर मिला युवक का शव, आत्महत्या की आशंका



लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**बिजनौर।** आज सवेरे एक युवक ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, युवक की मौत से परिवार जनों में कोहराम मच गया। मामला शहर बिजनौर के काली माता मंदिर के निकट फाटक का है जहां आज सवेरे एक युवक का शव मिला, जिसकी सूचना पाते ही पुलिस व आरपीएफ प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक के जेब से मिले ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर उसकी पहचान नमन पुत्र सुरेंद्र सिंह निवासी सिविल लाइन - 2 के रूप में हुई है। समाचार लिखे जाने तक युवक ने किन परिस्थितियों में जान दी है पुलिस जांच कर रही है।

## पुलिस के साथ मिली भगत करके दबंगों ने सरकारी जमीन पर कर रहे कब्जे का प्रयास

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**



**किरतपुर ।** क्षेत्र के एक गांव में दबंगों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा करने का मामला प्रकाश मे आया है। ग्रामीणों ने दबंगों से जमीन को कब्जा मुक्त कराने की । मांग की है। एक ओर जहा सरकार भूमियाओ से सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए तरह-तरह के हथखंडे अपना कर ए कब्जा मुक्त करने का काम कर कार रही है वहीं दूसरी ओर भू माफिया सरकारी जमीनों पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला किरतपुर थाना क्षेत्र के गांव उमरी का सामने आया है। जहां स्थानीय निवासी शिशु पुत्र पूरन सिंह व अंकुल पुत्र होसराम स सिंह पर ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर कब्जा करने का आरोप और लगाते हुए हंगामा किया। ग्रामीण से रमेश सैनी, मलखान सैनी, धर्म ल सिंह सैनी, छत्रपाल सैनी, सुभाष सैनी, मनोज सैनी, शीशराम शर्मा, घसीटा शर्मा, जबर सिंह सैनी, विजय सैनी, जयपाल सैनी आदि का कहना है कि करीब एक माह पहले शिशु ने अपने मकान के पक्के चबुतरा से भी आगे हद पार करते हुए सड़क से सटाकर सरकारी जमीन में चबौतरा बनवाने की नीयत से मिट्टी का भराव किया था। जिसके पास भराव करने की कोई परमिशन भी नहीं थी। खनन बंद होने के बावजूद भी यह भराव सुबहा तड़के किया जाता था। इस तरह का कार्य करके दबंगों ने प्रशासन को चुनौती दी है। वही सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर ग्रामीणों ने प्रधान को सूचना दी थी। जिस पर शिशु ने ग्राम प्रधान पति से चार-पांच बार विवादित जगह से मिट्टी उठाने का आश्वासन दिया था। लेकिन शिशु ने एक महा बीत जाने के बाद भी मिट्टी नहीं उठाई। बल्कि उसने मिट्टी को इकसार करके चबुतरा बनाने का प्रयास किया। ग्रामीण का आरोप है कि शिशू जबरन बन सरकारी जमीन पर चबुतरा बनाना चाह रहा है। वहीं दूसरी और अंकुल पुत्र होसराम सिंह ने सरकारी जमीन पर लहसुन प्याज बोकर जमीन पर कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने की मांग की। ग्रामीणो ने दोनों मामलों का विरोध करते हुए आज ग्राम द्वान प्रधान को मौके पर बुलाया ग्राम प्रधान पति यशपाल सिंह ने दोनों कब्जा धारको को जल्द ही जमीन को कब्जा मुक्त करने की चेतावनी दी। ग्राम प्रधान ने कहा कि सड़क के दोनों और किसी का भी कब्जा भो करने का अधिकार नहीं है इसलिए भो सड़क के दोनों ओर कब्जा नहीं करने दिया जाएगा।

## कछौना : भभूती प्रसाद विद्यालय में वार्षिकोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**



**कछौना हरदोई।** कछौना नगर के रेलवेगंज में स्थित लाला भभूती प्रसाद शिक्षण संस्थान में गत वर्ष की तरह इस बार भी वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों का स्वागत लाला भभूती प्रसाद शिक्षण संस्थान के प्रबंधक संगीता गुप्ता व अजय गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पंकज शुक्ला कछौना चेयरमैन व कोतवाली कछौना प्रभारी निरीक्षक रहे। पंकज शुक्ला के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के पर दीप प्रज्वलित किया गया। उसके उपरांत कक्षा 9 की छात्राएं अर्चना, साक्षी, आरती, हिना बानो, अनीता, अनामिका, साक्षी श्रीवास्तव द्वारा सरस्वती वन्दना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। लाला भभूती प्रसाद शिक्षण संस्थान विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक अजय गुप्ता के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। कार्यक्रम में गणेश वंदना, सात समंदर पार, चंदा चमके चम चम, भारत है पहचान मेरी, मेरे प्यारे वतन सरारा सरारा, डीजे पर मटकूं गी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, जलवा जलवा, बाबा मै तेरी मालिका, शिक्षा का महत्व, वृद्धा आश्रम, आदि गानों /नाटकों पर डांस की प्रस्तुति रही। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में स्कूल परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरु से बड़ा कोई नहीं है और शिष्य से प्रिय कोई नहीं है। साथ ही बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर लाला भभूती प्रसाद शिक्षण संस्थान के प्रबंधक संगीता गुप्ता व अजय गुप्ता ,स्वागत कर्ता राजकुमार प्रजापति (प्रधानाचार्य) कार्यक्रम के संचालन कर्ता पुष्पेन्द्र सैनी,संजय बाबू गुप्ता, राज कुमार प्रजापति, दीपक मौर्य, अयान खान, शिवम बाजपेई, दीपिका कश्यप, प्रतिमा सक्सेना, विजय दीक्षित, शिल्पी विश्वकर्मा आदि समस्त शिक्षक व अभिवावक गण उपस्थित रहे।

## सम्पन्न हुआ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो रितेश मिश्रा**




**हरदोई माधौगंज।** पोषण भी पढ़ाई भी' योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज दिनांक 28-02-2025 को व्लाक सभागार माधौगंज में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण 25-02-2025 को प्रारंभ हुआ था जिसमें 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण भी पढ़ाई भी'योजना से संबंधित ईसीसी ई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022-23, पोषण,पूरक पोषण, कुपोषण, कुपोषण से बचाव,दिब्यांगता,दिव्यांगता के प्रकार, समावेशी शिक्षा, आधारशिला गतिविधि शिक्षण कैलेण्डर, आधारशिला साप्ताहिक कैलेण्डर, नवचेतना माड्यूल आदि पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षण में ममता देवी सीडीपीओ नें पोषण भी पढ़ाई भी' योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण के साथ साथ केन्द्रो पर कम से कम दो घण्टे गुणवत्ता परख शिक्षा उपलब्ध कराना व आंगनबाड़ी योजना के इतिहास आदि पर विस्तृत प्रकाश डाला गया,रेखा वर्मा मुख्य सेविका व प्रशिक्षण दाता द्वारा प्रशिक्षण में पोषण, पोषण की आवश्यकता, पोषण के प्रकार, पोषक तत्वों आदि पर विशेष जानकारी दी गई। शिव वती मुख्य सेविका बिलग्राम द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या व नवचेतना माड्यूल पर जानकारी साझा की गई।प्रशिक्षण में प्रशिक्षण दाता के रूप में नीरज कुमार ए आर पी, कुलदीप कुमार सिंह ए आर पी, रेखा वर्मा मुख्य सेविका,शिववती मुख्य सेविका बिलग्राम उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के अंत ममता देवी सीडीपीओ द्वारा समस्त प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

## पंचायत भवनों में ताला, ग्रामीण सुविधाओं से वंचित, कुरसंडा पंचायत भवन में बांधे जा रहे जानवर सर्वे का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे प्रधान

लोकतंत्र की आवाज

**राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** जिले के विकास खण्ड कसमंडा की अधिकांश ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवनों में ताले लटकते रहते हैं शासन की मंशा थी कि ग्रामीणों को तहसील,ब्लॉक व जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े,इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवनों का निर्माण कराया गया था।ग्रामीणों को उम्मीद जगी थी कि उनकी समस्याओं का निस्तारण गांव स्तर पर ही हो सकेगा।लेकिन पंचायत भवनों में ताला लगा रहता है।ऐसे में ग्रामीणों को इसकी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। दो पंचायत भवनों की जब पड़ताल की गई, तो हकीकत सामने आई। ग्रामीणों की समस्या पंचायत भवनों में हमेशा ताले लटकते हैं केवल विशेष आयोजन पर ही पंचायत भवन खुल रहे हैं पंचायतों में पंचायत भवनों के अपनी मर्जी से खुलने एवं अपनी मर्जी से बंद होने से ग्रामीण परेशान हैं।ग्राम पंचायत- कुरसण्डा ज्योति शाह आलमपुर के साथ ही अन्य पंचायत भवनों में ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यह भवन आए दिन बंद रहता है। जिसके कारण छोटे - छोटे कार्यों के लिए उन्हें भटकना पड़ता है।पंचायती राज व्यवस्था में जहां जिला पंचायत,जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों को नियमित शासकीय अवकाश को छोड़कर कार्यालय खोलने का प्रावधान है।प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवक, मनरेगा सहित अनेक कार्य संचालित होते हैं।ग्रामीणों को भी छोटी-




छोटी अनेक प्रकार की समस्याएं होती है।कुरसण्डा ज्योति शाह आलमपुर का पंचायत भवन की स्थिति रहती है।कर्मचारी करते हैं अपडाउन ग्रामीणों का कहना रहता है।कर्मचारी अपडाउन करते हैं, इसलिए इन भवनों का उपयोग नहीं किया जाता है।ग्रामीणों से मोबाइल पर ही संपर्क कर कार्य किए जाते हैं, या फिर कसमण्डा ब्लॉक कार्यालय जाकर ग्रामीण अपने कार्य पूरे करवाते हैं। रोजगार सहायक भी उपलब्ध नही रहते हैं। जबकि सचिव के न रहने पर रोजगार सहायक को मौजूद रहना चाहिए।

**क्या बोले कसमण्डा ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी :** खण्ड विकास अधिकारी राकेश श्रीवास्तव से फोन पर जानकारी लेनी चाही तो सरकारी नम्बर बंद मिला सहायक विकास अधिकारी पंचायत ब्रह्म नारायण शर्मा से बात की गई तो वह संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए।

## कीचड़ और पानी भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर है ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**

**नूरपुर।** नूरपुर ब्लॉक की बड़ी पंचायतो में गिनी जानें वाली गोहावर हल्लू पंचायत का एक एक रास्ता जिस पर बरसों से पानी और कीचड़ जमा है ग्रामीण और राहगीरों को आज भी कीचड़ वाले रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है जो आज भी विकास और सफाई व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है। उक्त कीचड़ भरे रास्ते पर प्राथमिक विद्यालय भी स्थित है मोहल्ले वासियों ने बताया कि पिछले 1 वर्ष से अधिक से ग्राम प्रधान से लेकर खंड विकास कार्यालय तक कई कई बार सड़क की स्थिति से अवगत करा चुके है लेकिन अब तक भी कोई सुनवाई या समाध्शान नहीं हो सका है। मोहल्ले वासियों ने बताया कि



उक्त रास्ते पर हल्की बारिश के बाद भी घर से निकलने के लिए काफी मशकत्त करनी पड़ती हैं। जल भराव होने से नई नई प्रजाति के मच्छर पैदा हो रहें हैं जो गंभीर बीमारियों को न्योता दे रहें हैं। बता दें कि इसी रास्ते को पार करके प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को शिक्षा लेने के लिए जाना पड़ता है कई बार तो बच्चे फिसल कर कीचड़ में गिर भी जाते हैं और नमाजियों को भी इसी मार्ग से होकर जाना होता हैं गारे कीचड से भरे इस रास्ते से गुजरने के कारण नमाजियो के कपड़े खराब हो जाते है। मोहल्लेवासियों में ग्राम प्रधान तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी के प्रति भारी आक्रोश है। सभी ने निराश होकर अब मुख्य विकास अधिकारी से मदद की गुहार लगाई है। ग्राम प्रधान बरम सिंह इस रास्ते को लेकर चुप्पी साद लेते है पंचायत सचिव लोकेश कुमार का कहना है कि उक्त रास्ते का शीघ्र ही प्रस्ताव पास कर बनवा दिया जाएगा। ग्रामीण इंद्र कुमार, सत्यप्रकाश सिंह, रिंकू कुमार, गोपाल सिंह, रमेश कुमार, संतोष, रमेश सिंह उदल सिंह, सलाउद्दीन, रामचंद्र सिंह, अमर सिंह, रिजवान, खुशीराम, शरीफ अहमद, सगीर अहमद, चंद्रपाल सिंह, अर्जुन कुमार आदि ने शीघ्र ही उक्त रास्ते को बनवाने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### समीर कुमार उर्फ मिट्टू ने राजद पार्टी का सदस्यता लिया



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर । जहां एक तरफ लगातार राष्ट्र जनता दल पार्टी द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है ।उसी क्रम में शुक्रवार को बिहपुर प्रखंड अंतर्गत जमालपुर गांव में पूर्व किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव , पूर्व पंसस विभाकर कुमार सिंह उर्फ राजा व समाजसेवी ताराकांत राय ने कैंप लगा कर कई लोगों को राजद की सदस्यता ग्रहण कराया।उन्होंने कहा कि मार्च महीने तक 10,000 नये सदस्य जोड़ने का लक्ष्य है, ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में तेजस्वी सरकार के गठन में सहयोग मिल सके। मौके पर किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुबोध पासवान,समीर कुमार सिंह उर्फ मिट्टू, राजा कुमार, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### टीबी मुक्त पंचायत वास्ते प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण



लोकतंत्र की आबाज
खानपुर/समस्तीपुर। प्रखंड मुख्यालय सभागार में टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत टीबी अलर्ट इंडिया द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ विजय कुमार चंद्र, बीपीआरओ संजीव कुमार, जिला परिषद सदस्य स्वर्णिमा सिंह, एनटीईपी स्टाफ और टीबी अलर्ट इंडिया के जिला समन्वयक अनिल कुमार सिन्हा सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। वही प्रशिक्षण में टीबी के लक्षण, बचाव, जांच और उपचार पर जानकारी दी गई। टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए मरीजों की पहचान, जागरूकता अभियान, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया गया।

### विज्ञान दिवस के मौके पर स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



लोकतंत्र की आबाज
रामजी कुमार
समस्तीपुर। जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुबौलीराम पूसा, समस्तीपुर में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक अमरेश कुमार और नेतृत्व शिक्षक सूर्य प्रकाश ने किया। शिक्षक सूर्य प्रकाश के नेतृत्व में बच्चों ने विज्ञान मॉडलों का निर्माण और प्रस्तुतीकरण किया। वक्ताओं के द्वारा वैज्ञानिक सी वी रमन के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकम में प्रथम स्थान अंकित कुमार, दूसरा स्थान आनंद कुमार तथा तृतीय स्थान प्रियंका कुमारी ने प्राप्त किया। मौके पर शिक्षक गोविंद कुमार, प्रमोद कुमार, श्वेता तिवारी, संगीता कुमारी, कांति कुमारी, प्रीति कुमारी आदि मौजूद रहे।

### झारखंड प्रदेश महासचिव तनवीर आलम को कार्यकर्ताओ ने आपने आपने समस्याओ से अवगत कराया



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
बरहरवा। झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम साहब ने जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बारी–बारी से भेंट मुलाकात किया। तनवीर आलम जी को कार्यकर्ताओं ने अपना – अपना समस्याओं से अवगत कराया,तनवीर आलम जी ने हर एक समस्याओं पर विचार – विमर्श किया और बहुत जल्द सारे समस्याओं का समाधान करने का आशवासन दिया मौके पर प्रदेश सचिव सेमिनुल इस्लाम , विधायक प्रतिनिधि गुलाम अहमद उर्फ बकुल, महेशपुर से राजकुमार भगत,देबू विश्वास, शाहीन परवेज़ , अब्दुल बासिर शेख,आमिर हमजा, मिर्जाहान विश्वास, डॉ जोहोरुल इस्लाम,रामविलास महातो ,ऐनुल हक,बिलाल सेख, फिरोज अली, शहनाज बेगम, नसीम आलम,जलालुद्दीन शेख, आंसरुल हक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नेशनल साइंस डे पर बिहपुर में विज्ञान मेला आयोजित, बच्चों ने वर्किंग मॉडल प्रस्तुत की




लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर । शुक्रवार को नेशनल साइंस डे पर बिहपुर प्रखंड के प्राइवेट स्कूल बिहपुर में विज्ञान मेला आयोजित हुआ।जिसमें इस स्कूल के सभी वर्गों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया व एक से बढ़कर एक वर्किंग मॉडल की प्रस्तुति की गई। जो मॉडल बच्चों के द्वारा बनाया गया।बच्चों चयनित विषय व उसका प्रर्दशित माडल बहुत ही अच्छा था।वाटर हार्वेस्टिंग, मिट्टी क्षरण,हाइड्रो पावर,सोलर एनर्जी विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान पाटलिपुत्र ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ.जेपी सिंह ने प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशःवर्ग नौ के हिमांशु,संजीत आयुष को ग्रुप में, वर्ग छह की आराध्य,रोली समेत वर्ग आठ के विक्की व मयंक आदि बच्चों को पुरस्कृत किया।वहीं प्रतिभागी सभी बच्चों को अभिभावकों द्वारा भी सम्मानित और प्रोत्साहित किया गया।वहीं निदेशक डा.सिंह के अलावा सोनवर्षा घाट के प्रिंसिपल आरके मलिक, बिहपुर स्कूल के प्रिंसिपल ए.के.झा,ब्रांच इंचार्ज विशाल सिंह समेत परबत्ता ब्रांच से सुधीर कुमार ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर निदेशक डा. सिंह ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के द्वारा अपने वर्ग में ग्रहण की गई सैद्धांतिक शिक्षा को कौशल में बदलने में सहायक होती है। बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है।जो आगे चलकर उनके जीवन को सफल बनाएगी। इस मेला को सफल बनाने में स्कूल के सभी शिक्षक/शिक्षिका सोनू, मिथुन, सोनाली, सत्यम, शाश्व, पंकज, अनिल, सुनील, अभिषेक, आयुष, सरस्वती, नीतू प्रिया, शिवानी,ा प्रियंका, साक्षी, काजल, नूतन, प्रीतम, परेश कुमार समेत अन्य शिक्षकों ने बच्चों के साथ काफी मेहनत किया।जिसका साकार रूप आज इस प्रदर्शनी में देखने व बच्चों के प्रस्तुति संवाद से देखने को मिल रहा है।

## डॉ. शाहबाज वारिस खान बने हजरत दाता करीम शाह कमिटी के सदर



लोकतंत्र की आवाज़

- 10 अप्रैल को शहीद बाबा के सालाना उर्स पर भव्य कव्वाली और मेले के होगा आयोजन

जगदीशपुर/भोजपुर। जगदीशपुर नगर के पठान टोली स्थित वारिस मंजिल प्रांगण में हजरत दाता करीम शाह रहमतुल्लाह अलैह कमिटी की बैठक हुई। अध्यक्षता हाजी कमाल वारिस खान और संचालन अंसार वारिस खान उर्फ अच्छन खान ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी का गठन किया गया। डॉ. शाहबाज वारिस खान को सदर (अध्यक्ष) सलीम अंसारी को उप सदर, फिरोज मंसूरी को सचिव, मो. असलम रजा को उपसचिव और मो. साबिर ईद्रीसी को खजांची बनाया गया।

बैठक में नव मनोनीत पदधारकों को कमिटी की नई कार्यकारिणी गठित करने की जिम्मेदारी दी गई। मन्नान खान को खजांची के साथ मिलकर आय-व्यय और लेखा-जोखा दुरुस्त रखने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई। नए कमिटी गठन के बाद हर साल की तरह इस बार भी आगामी 10 अप्रैल को शहीद बाबा के सालाना उर्स पर भव्य कव्वाली और मेले के आयोजन को लेकर चर्चा हुई। विधि-व्यवस्था को लेकर जरूरी निर्णय लिए गए। बैठक में डॉ. इम्तियाज खान, भोला खां, अमीरुद्दीन अंसारी, शाहजादा खान, मो. इसरार वारसी, पिंटू कुरैशी, इलियास मंसूरी, बटोरन अंसारी, हैदर मंसूरी, बाबूदिन मंसूरी, मुस्तफा कमाल पाशा, मन्नान कुरैशी समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## खानपुर पुलिस ने इश्तीहारी वारंटी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आबाज

दिलीपकुमार ठाकुर
खानपुर/समस्तीपुर। खानपुर पुलिस द्वारा इश्तिहार वारंटी सीआर 808/11, टिआर 15/17/25 के अभियुक्त चंद्रबली महतो एवं देवनारायण महतो दोनों पिता रामाश्रय महतो, साकिन खानपुर,थाना -खानपुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्त में लेते हुए उचित मार्गरक्षी दल के साथ सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते भेजा गया। पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने की है।

## साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने नवनिर्मित साइंस सेंटर का किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
साहिबगंज। जिले के सिद्धो-कान्हू स्टेडियम के पास नवनिर्मित साइंस सेंटर का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती ने फीता काट कर किया।इस सेंटर का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को विज्ञान और तकनीक के प्रति जागरूक करना है।साइंस सेंटर में बच्चों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक प्रयोगशालाएँ,इंटरैक्टिव मॉडल, 3ऊ प्रोजेक्शन,और वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल और मनोरंजक तरीके से समझाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए डेमोंस्ट्रेशन उपलब्ध हैं।



यहां कृषि और विज्ञान के मेल को दर्शाने के लिए स्मार्ट फार्मिंग, जैविक खेती,हाइड्रोपोनिक्स और अन्य आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल भी रखे गए हैं, जिससे विद्यार्थी खेती में विज्ञान के महत्व को समझ सकें।यहां साइंस सेंटर में एस्ट्रोनॉमी (खगोल विज्ञान),रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण विज्ञान,भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध कराई गई हैं।यहाँ वैज्ञानिक गतिविधियों,वर्कशॉप और इंटरैक्टिव सेशंस के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया जाएगा।मौके पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह साइंस सेंटर बच्चों और युवाओं के लिए विज्ञान की दुनिया में रुचि बढ़ाने और नई तकनीकों को सीखने का बेहतरीन मंच बनेगा।

उन्होंने छात्रों को इस सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।मौके पर सदर एसडीओ ओंकारनाथ स्वर्णकार,जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुर्गानंद झा,जिला शिक्षा अधीक्षक हर्ष कुमार,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## बिहपुर थाना परिसर में मना सलाना उर्स



लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। शुक्रवार को बिहपुर थाना परिसर में हजरत दादा अब्दुल्लाह शाह बाबा चिश्ती का 108 वा सालाना उर्स पाक थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर के देखरेख में मनाया गया।खानकाह गौसुल आलम मिल्की के गद्दी नशी हजरत मौलाना इनामुल हक अशरफी के सदारत में उर्स पाक संपन्न हुआ।मजार शरीफ पर चादरपोशी, नियाज़ फातिहा संयुक्त रूप से किया गया।इनामुल हक अशरफी ने बताया कि बिहपुर थाना परिसर में कई वर्षों से यहां मजार है।

जिस पर हर वर्ष उर्स पाक के मौके पर चादर पोसी ,फतिया खानीं कराया जाता है।थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने कहा कि मुझे पिछले 2 वर्षों से इस उर्स के मौके पर चादरपोशी करने का मौका मिल रहा है। मुझे काफी अच्छा लग रहा है कि यहां हिंदू मुसलमान सभी भाईचारे के साथ रहते हैं।उर्स पाक के मौके पर जिला परिषद सदस्य मोईन राईन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इरफान आलम, बिहपुर पूरव के मुखिया मोहम्मद सलाउद्दीन, दरोगा संजय कुमार, एएसआई अशोक कुमार, गुलजार खान, मौलाना सिराजुल हक अशरफी, चौकीदार मोहम्मद सहीम, मोहम्मद नौशाद, हाफिज हसरत अली, हाफिज गुलाम रसूल, मोहम्मद जुल्फिकार, मोहम्मद इसराइल अशरफी काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख
बरहरवा। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मिलकर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके। ज्ञात हो कि हर सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## लसकारा में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद की मनाई गई पुण्यतिथि

लोकतंत्र की आवाज

ताजपुर/समस्तीपुर। मोरवा विधानसभा अंतर्गत लसकारा मे राष्ट्रीय लोक मोर्चा के बैनर तले जिलाध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद कि अध्यक्षता मे देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह कि शुरूआत डॉ राजेंद्र प्रसाद जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

समारोह क़ो सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री निषाद ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आज़ाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति रहे जिनके कार्यकाल एवं देख रेख मे ही भारत के संबिधान लिखा गया। वे सरल एवं मृदुभाषी स्वाभाव के थे। मौके पर विभा देवी पूर्व जिलापार्षद, प्रदेश महासचिव



देवनारायण सिंह, राम सकल सिंह, डॉ दिलीप कुमार चौधरी, रामानंद सिंह,अनिल सिंह कुशवाहा, कमल किशोर शर्मा, संजय कुमार राम, द्वारिका प्रसाद गुप्ता, आत्माराम सिंह, मुकेश कुमार चौधरी, सुरेश प्रसाद सिंह, संजय चौधरी निषाद, रंजीत राय, अमरजीत कुमार, अच्छेलाल महतो, डॉ बलराम सिंह, नागेश्वर राम, मो बशीर, संघर्ष कुमार सहित दर्ज़नों लोग उपस्थित थे।

## आप सबकी आवाज कार्यकर्ताओं का बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। शुक्रवार को आप सबकी आवाज राष्ट्रीय पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार अमर की अध्यक्षता में एक बैठक मधुसूदन सर्वोदय मैदान में आयोजित की गई। इस बैठक में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,पंचम श्रीवास्तव ,प्रदेश अध्यक्ष सेवादल प्रकोष्ठ नीरज राय, प्रदेश महासचिव सुतीक्षण कुमार, प्रदेश महासचिव अभिनंदन पोद्दार , भागलपुर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र मंडल, शेख हस्बुल उपस्थित थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंचम श्रीवास्तव एवं प्रदेश महासचिव सुतीक्षण कुमार ने बताया कि 10 मार्च को राष्ट्रीय अध्यक्ष राम चंदन प्रसाद सिंह के होने वाले सभा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।



इस बैठक में कई मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया और कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया गया कि 10 मार्च को मधुसूदन सर्वोदय मैदान को कार्यकर्ताओं से भरने का काम करेंगे। बैठक में उपस्थित, शेख हस्बुल, सुनील कुमार रजक, प्रिंस वर्मा, व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव सुतीक्षण ने प्रेस से बात करते हुए बताया कि 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में आप सबकी आवाज राष्ट्रीय पार्टी की ओर से 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।जिसमें निश्चित तौर पर जनता का प्यार मिलेगा। और नई सरकार बनाएंगे ताकि बिहार के जानता का विकास हो सके।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी पुलिस ने लॉन्च किया नाका अलर्ट' ऐप, क्राइम होते ही अब थाना सहित 50 से अधिक पुलिस वालों को भेजा जाएगा अलर्ट



ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चंपारणः मोतिहारी पुलिस ने गृह विभाग की मदद से 'नाका अलर्ट' ऐप लॉन्च किया है। जिससे किसी भी आपराधिक घटना की सूचना तुरंत पुलिस पेट्रोलिंग टीम, थाना और एसडीपीओ तक पहुंच सकेगी। इस ऐप के माध्यम से 50 से अधिक स्थानों की पुलिस को एक साथ अलर्ट भेजा जाएगा और घटना की पूरी जानकारी तुरंत संबंधित अधिकारियों को मिल जाएगी।बैंक, ज्वेलरी शॉप, पेट्रोल पंप संचालकों को भी जोड़ा जाएगाइस नाका अलर्ट ऐप का लाभ सिर्फ पुलिस तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बैंक, आभूषण दुकानदार, पेट्रोल पंप और सीएसपी संचालकों को भी इस सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इससे किसी भी आपात स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना मिलेगी और क्विक एक्शन लिया जाएगा। एसपी स्वर्ण प्रभात बोले..आम लोगों के लिए फायदेमंद होगा यह ऐप, मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात ने ऐप लॉन्च करते हुए कहा कि 'नाका अलर्ट' आम जनता के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा। पुलिसकर्मियों को भी इस ऐप से जोड़ा गया है, जिससे सूचना मिलते ही अपराध रोकने के लिए तेजी से कार्रवाई हो सकेगी।जागरूकता अभियान चलाकर बढ़ाई जाएगी पहुंच इस ऐप के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। पुलिस का उद्धेश्य अपराध को रोकने और अपराधियों को जल्द पकड़ने के लिए इस तकनीक का अधिकतम उपयोग करना है। 'नाका अलर्ट' ऐप मोतिहारी पुलिस के लिए वरदान साबित हो सकता है और अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाएगा।

### मोतिहारीः जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 48 आवेदन प्राप्त हुए



ब्यूरो चीफ शशिकांत

पूर्वी चम्पारणः दिनांक 28.02.2025 को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आएं 48 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मोतिहारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। आज भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। आज के इस कार्यक्रम मे एडीएम के साथ वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार एवं अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।

# निर्धारित वाहन से कम वाहनों द्वारा खाद्यान्न आपूर्ति करने वाले संवेदकों को करें ब्लैक लिस्टेड : जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

जिले के सभी लाभुकों का ई-केवाईसी कराने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश।31 मार्च तक ई-केवाईसी/फेसियल ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुक खाद्यान्न से होंगे वंचित।जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में राशन कार्ड की विवरणी, ऑनलाइन राशन कार्ड से संबंधित प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की स्थिति, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी, जनवितरण प्रणाली दुकानों का निरीक्षण, एसआईओ/डोर स्टेप डिलीवरी, राशन कार्ड के आधार पर खाद्यान्न का वितरण सहित अन्य एजेंडाओं की समीक्षा हुई। बैठक में अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि ससमय खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण कराया जा रहा है। लाभुकों को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में कुल-378 जविप्र दुकानों की जांच परख एप के माध्यम से करायी गयी है। 35 जविप्र दुकानदारों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। 01 अनुज्ञप्ति रद्द भी की गयी है।

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न**



जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लाभुकों को प्रत्येक माह ससमय निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न मिले, इसे हर हाल में सुनिश्चित करना है। खाद्यान्न उठाव एवं वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, कोताही अथवा गड़बड़ी नहीं होनी चाहिए। ऐसा करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी एमओ विभागीय निर्देश के आलोक में जन वितरण प्रणाली दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करेंगे। जविप्र दुकानदार नोटिस बोर्ड, सभी पंजी आदि संचिका अपडेट रखें, इसे सुनिश्चित कराएंगे। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि डोर स्टेप डिलीवरी के संवेदकों द्वारा विभागीय दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया जा रहा है। निर्धारित वाहनों की जगह कम वाहन द्वारा खाद्यान्न का उठाव किया जा रहा है, जिससे परेशानी उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने इसे अत्यंत ही गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिया कि बैकलॉग वाले संवेदकों को शोकॉज करें तथा निर्धारित वाहन से कम वाहन परिचालन कराने वाले संवेदकों को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्रवाई भी करें।अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार के निर्देशनुसार राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्य के लिए दिनांक-31.03.2025 तक आधार सीडिंग (ई-केवाईसी) कराया जाना अनिवार्य है। खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा सभी राशन कार्डधारियों के लिए जन वितरण प्रणाली दुकान पर संधारित ई-पॉस मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन यथा-हाथ की उंगलियों अथवा फेस स्कैनिंग एप के माध्यम से निःशुल्क ई-केवाईसी की सुविधा प्रदान की गयी है। इसके बावजूद कुछ लाभुकों के द्वारा अबतक अपना ई-केवाईसी नहीं कराया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा ई-केवाईसी की प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिए अब फेसियल ई-केवाईसी की सुविधा शुरू कर दी गयी है। कोई भी लाभुक स्वयं गुगल प्ले स्टोर पर जाकर फेसियल ई-केवाईसी एप डाउनलोड कर दिये गये निर्देशों का अनुपालन करते हुए अपना ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी नहीं कराने वाले लाभुक खाद्यान्न के लाभ से वंचित हो सकते हैं।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ई-केवाईसी का विभिन्न माध्यमों, तंत्रों आदि से व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें ताकि जिले के शत-प्रतिशत लाभुक अपना ई-केवाईसी करा लें और सरकारी लाभ प्राप्त करते रहें।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित डीएम, एसएफसी, सभी एडीएसओ, सभी एजीएम, सभी एमओ।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 81 मामलों की हुई सुनवाई



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान।जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 81 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें धनंजय कुमार, बेचु केवट, कांति देवी, रामू साह, रूदल यादव, आदित्य स्वरूप, रउफ मियां, छठू साह, पुष्पलता कुमारी, मोती राम, घनश्याम महतो, शम्भू राम, मधु देवी, अमित कुमार, योगेन्द्र साह, रेणू देवी, पूनम देवी, प्रिन्स कुमार, लालबाबू महतो, नूरजहां खातून आदि के नाम शामिल हैं।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोतिहारीः एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा ढ़ाका थाना के 10 अनुसंधानकर्ताओं को मिला लैपटॉप एवं मोबाइल



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी पूर्वी चंपारण** जिले के सभी थाना के अनुसंधानकर्ता को एसपी स्वर्ण प्रभात ने उपलब्ध कराया लैपटॉप व मोबाइल। तकनीकी साक्ष्य संकलन व वीडियो फुटेज बनाने में अनुसंधानकर्ता को मिलेगी सहूलियत....कोर्ट में अभियुक्त के विरुद्ध मजबूत साक्ष्य प्रस्तुत करने में पुलिस रहेगी आगे...ढाका थाना के 10 अनुसंधानकर्ताओं को आज मिला लैपटॉप और मोबाइल।

## मोतिहारीः चिकित्सा पदाधिकारियों व पारा मेडिकल कर्मियों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षणः डॉ शरत चंद्र शर्मा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी।** 28 फ़रवरी स्वास्थ्य विभाग एईएस व जेई के संभावित खतरों से निपटने की तैयारियों में जुट गया है। इसी कड़ी में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा की अध्यक्षता में चिकित्सा पदाधिकारियों एवं पारा मेडिकल कर्मियों का एईएस/जेई यानी चमकी बुखार व मस्तिष्क ज्वर से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ शर्मा ने कहा कि चमकी से बचाव के लिए अभिभावकों को अपने बच्चे का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में इसके मामले में कमी के लिए लगातार स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से खासकर प्रभावित क्षेत्रों एवं महादलित टोलो में जागरूकता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि चमकी को धमकी देने के लिए तीन बातें याद रखना जरुरी है- बच्चे को रात में खाली पेट नहीं सोने दें, उसे खाना जरूर खिलाएं। कुछ हल्का मीठा जरूर खिलाएं ताकि ग्लूकोज की मात्रा में कमी न हो। उसे रात के बीच में या सुबह में जगाएं और देखें कि बच्चा बेहोश तो नहीं है। अगर बच्चा बेहोश है तो तुरंत आशा से सम्पर्क कर एम्बुलेंस या निजी वाहन से अस्पताल ले जाएँ। समय व्यर्थ न करें। उन्होंने बताया कि इससे बचाव के लिए सभी सरकारी अस्पताल में नियमित टीकाकरण के साथ जेई का टीकाकरण भी कराया जाता है। प्रशिक्षक डॉ पंकज कुमार एवं डॉ फिरोज आलम ने बताया कि चमकी बुखार व मस्तिष्क ज्वर का कुशल प्रबंधन जरूरी है। प्रारंभिक अवस्था में रोग की पहचान व इलाज से जान की क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लिहाजा इसको लेकर स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों को विशेष तौर पर सतर्क रहने की जरूरत है। इन रोगों के लिए अप्रैल से मई का महीना बेहद संवेदनशील है। ये रोग खासतौर पर 1 से 15 साल तक के बच्चों को प्रभावित करता है। कुपोषित बच्चे या वैसे बच्चे जो बिना भरपेट भोजन किये रात में सो जाते हैं, उन्हें ख़तरा ज्यादा रहता है। खाली पेट कड़ी धूप में लंबे समय तक खेलने, सड़ा-गला एवं अधपका फल का सेवन करने वाले बच्चों को भी ये रोग आसानी से अपनी चपेट में ले सकता है। उन्होंने रोग प्रबंधन व उपचार से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। यूनिसेफ़ के धर्मेंद्र कुमार ने भी इसकी पहचान व तैयारी को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर डीभीबीडीसीओ डॉ शरत चंद्र शर्मा, डॉ पंकज कुमार एवं डॉ फिरोज आलम, यूनिसेफ़ के धर्मेंद्र कुमार, भीडीसीओ रविंद्र कुमार, प्रेमलता कुमारी व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



## रबी मौसम के लिए कृषि सांख्यिकी वार्षिक प्रशिक्षण सम्पन्न, जिला पदाधिकारी ने दीप प्रज्जवलित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

रबी मौसम के लिए कृषि सांख्यिकी वार्षिक प्रशिक्षण 2024-25 कार्यक्रम का आयोजन आज समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं खाद्य नीति के निर्धारण में कृषि सांख्यिकी का महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि से संबंधित आंकड़ों का संग्रहण कार्य कृषि, सांख्यिकी विभाग के कर्मियों तथा राजस्व कर्मियों द्वारा निर्धारित समायावधि में किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं की जानकारी आप सबो को दी जायेगी, जिसका शत-प्रतिशत अनुपालन कार्य के दौरान करना है। सभी अच्छे तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करें।जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा कृषि सांख्यिकी क्षेत्रफल संग्रहण, उपज दर अनुमान, बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अधीन फसल बीमा, प्रक्षेत्र मूल्य, कृषि श्रमिकों की दैनिक मजदूरी, साप्ताहिक मौसम फसल प्रतिवेदन, दैनिक वर्षापात प्रतिवेदन, द्रुत जींसवार, सामान्य जींसवार, नेत्रांकन एवं फसल कटनी प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम से अनुपस्थित रहने के कारण जिला कृषि पदाधिकारी को शोकॉज करने तथा सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, ठकराहां को कार्य में लापरवाही आदि को लेकर वेतन स्थगित करने तथा इनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जांच कराने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया।इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया, विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, नंदलाल चौधरी सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी, सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी/प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



## बांसी घाट का सौंदर्यीकरण कराने हेतु बनाएं बेहतर कार्ययोजना : जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

घाट की समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त लाईट, शवदाह गृह, सीमांकन आदि कराने का निर्देश।जिलाधिकारी ने मधुबनी प्रखंड अवस्थित प्रसिद्ध बांसी घाट का लिया जायजा।जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय क्षेत्र भ्रमण के दौरान 27 फरवरी की संध्या मधुबनी प्रखंड अवस्थित बांसी घाट पहुंचे। जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बगहा, जिला परिषद अभियंता, बीडीओ, सीओ सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बांसी घाट पर जिला परिषद अध्यक्ष, मधुबनी प्रमुख/उपप्रमुख, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय जनता द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि यहां प्रत्येक साल भव्य मेला का आयोजन होता है, जहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच कर स्नान-दान, पूजा-पाठ करते हैं। लोगों ने बताया कि गया कि यूपी सरकार द्वारा यूपी क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बांसी घाट का सौंदर्यीकरण करा दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि बांसी घाट के सौंदर्यीकरण की मांग स्थानीय लोगों की बहुप्रतिक्षित मांग रही है, इसी कारण से सभी संबंधित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बांसी घाट का निरीक्षण किया गया है। उपस्थित स्थानियों के द्वारा अनुरोध किया गया कि बांसी घाट का सौंदर्यीकरण हो ताकि श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। बिहार सरकार के क्षेत्र में पड़ने वाले बांसी घाट का सौंदर्यीकरण की जरूरत है। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, जिला परिषद को निर्देश दिया कि बांसी घाट का सौंदर्यीकरण कराने हेतु बेहतर कार्ययोजना शीघ्र तैयार करें ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही अंचलाधिकारी, मधुबनी को निर्देश दिए कि घाट का सीमांकन प्रॉपर तरीके से कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही आवश्यक जगहों पर सीमांकन का चिन्ह भी लगाएं।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आवश्यकतानुसार शवदाह गृह का निर्माण भी कराया जाय। घाट की समुचित साफ-सफाई सहित पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था सुदृढ़ की जाय। इस क्रम में नदी का एलाइनमेंट को भी ध्यान में रखा जाए, ताकि सौंदर्यीकरण के पश्चात यह बेहतर दिखे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यह कार्य बेहद महत्वपूर्ण है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की मांग को पूरा करने हेतु दिये गये निर्देशों को प्राथमिकता के साथ ससमय पूर्ण कराया जाय। सौंदर्यीकरण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बांसी घाट का सौंदर्यीकरण कार्य के दरम्यान इस बात का ध्यान रखना है कि किसी भी प्रकार का विवाद, विद्धेष नहीं हो। उन्होंने उप विकास आयुक्त को इस कार्य का सतत अनुश्रवण करने का निदेश दिया।



## बगहा : पारिवारिक कलह से तंग आकर 40 वर्षिय महीला ने की आत्महत्या की कोशिश



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा** _पुलिस जिला के नदी थाना क्षेत्र के नैनहा में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक 40 वर्षीय महिला ने घर में ही फांसी लगा आत्महत्या की कोशिश किया। लेकिन समय रहते परिवार वालों की नजर पड़ गई। जिसे फौरन नीचे उतार जख्मी हालत में पीएचसी पतिलार ले जाया गया। लेकिन पीएचसी से महिला की हालत चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा रेफर कर दिया गया। परन्तु अनुमंडलीय अस्पताल में भी प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति में कोई सुधार नहीं होते देख बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। डा.चंदन कुमार ने बताया की महिला के गले के पास काफी सूजन आ गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया। अस्पताल द्वारा इसकी सूचना स्थानीय नगर थाना को भी दे दी गई है।

## विकास के कार्यों को गति देकर जिला को अग्रणी बनाएं पदाधिकारीः मोतिहारी सांसद

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चंपारण** समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन भवन के सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता करते हुए मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि पदाधिकारी विकास के कार्यों को गति देकर उसे निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करायें ताकि पूर्वी चंपारण जिला अग्रणी जिला बन सकें। समीक्षा बैठक में सांसद के साथ विधायक पवन कुमार जायसवाल, राणा रणधीर सिंह, श्याम बाबू प्रसाद यादव, सुनील मणि तिवारी, शशि भूषण सिंह, मनोज कुमार यादव, शमीम अहमद, विधान पार्षद डॉ खालिद अनवर, महेश्वर सिंह, उपमहापौर डॉ. लाल बाबू प्रसाद जिला के सभी प्रखंड प्रमुख, सांसद बेतिया एवं सांसद शिवहर के प्रतिनिधि, प्रभारी जिलाधिकारी सह अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मुकेश कुमार सिन्हा, विकास आयुक्त शंभू शरण पांडेय सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे। बैठक के प्रारंभ में सांसद, विधायकगण, विधान पाषर्दगण एवं अन्य सभी जनप्रतिनिधियों का उप विकास आयुक्त के द्वारा स्वागत किया गया।समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधि गण एवं पदाधिकारी गण को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सभी पदाधिकारी आम जनता और जनप्रतिनिधियों के प्रति संवेदनशील रहे और एवं समन्वय बनाकर सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करें। सरकार के स्तर पर जिला के विकास के लिए बहुत सारे निर्णय लिए गए हैं। और उसके लिए सरकार के द्वारा राशि भी निर्गत कर दी गई है। उसका सही दिशा में उपयोग करते हुए योजनाओं को समय से पूर्ण कराएं ताकि उसका लाभ लोगों को मिल सके। सांसद राधामोहन सिंह ने कहा कि अभी सभी पंचायत में खेल का मैदान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जहां भी खेल के मैदान पूर्ण हो रहे हैं उसके उद्घाटन में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सभी संबंधित माननीय को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला के सभी प्रखंडों में जीविका भवन का भी निर्माण किया जा रहा है, उसके उद्घाटन में भी संबंधित माननीय के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधी गण को आमंत्रित किया जाए। माननीय सांसद ने कहा कि जहां भी पथों का निर्माण किया जा रहा है उसके किनारे नाली की समुचित व्यवस्था रहे इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है। बैठक के दौरान सांसद के द्वारा सभी सदस्यगण को बताया गया कि आगामी 07 एवं 08 मार्च को मोतिहारी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भारतीय सेना के द्वारा पराक्रम/शौर्य का प्रदर्शन किया जाएगा। इस तरह का प्रदर्शन देश के बड़े महानगरों में किया जाता है परंतु पहली बार यह मोतिहारी में आयोजित कराया जा रहा है। वहीं इस बैठक के बाद सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा एवं इन सभी बिंदुओं पर कृत कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन माननीय सदस्यगण को उपलब्ध कराया जाएगा।



## संक्षिप्त खबरें

### रामस्वरूप राम लहर त्रिपाठी संस्कृत स्कूल में नम आंखों से शिक्षक की दी गई विदाई



आरा/भोजपुर जिले के शुक्रवार को कोईलवर प्रखंड अंतर्गत रामस्वरूप राम लहर त्रिपाठी संस्कृत उच्च विद्यालय कायमनगर में कार्यरत शिक्षक श्री डब्लू कुमार पांडे का विदाई समारोह का आयोजन किया गया श्री पांडे जी को विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के द्वारा अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के इस समारोह में कार्यरत शिक्षक श्री आशुतोष पाठक श्रीमती सोनी कुमारी श्रीमती शाहिनी सिन्हा श्रीमती प्रीति कुमारी सेवानिवृत शिक्षक श्री जय किशोर तिवारी श्री रणवीर कुमार पांडे साहित्य अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे, समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजेश त्रिपाठी ने किया।

### गायघाट ; कालाबाजारी के आरोप में राशन डीलर का लाइसेंस हुआ रद्द

दीपक कुमार

गायघाट प्रखंड के केवटसा पंचायत के एक राशन डीलर राशन डीलर पर अनियमितता का आरोप लगा है, साथ ही लाभुक को कम अनाज देने का भी आरोप साबित हुआ है।ज़िले के गायघाट प्रखंड स्थित केवटसा पंचायत के एक राशन डीलर की अनुज्ञप्ति को अनुमंडल पदाधिकारी (मुजफ्फरपुर) के आदेश से रद्द कर दिया गया है। राशन डीलर पर अनियमितता का आरोप लगा है, साथ ही लाभुक को कम अनाज देने का भी आरोप साबित हुआ है। अनुमंडल पदाधिकारी (मुजफ्फरपुर) पूर्वी ने अपने आदेश में लिखा है कि प्रखंड के केवटसा पंचायत के अनुज्ञप्तिधारी राम कलेवर पासवान की दुकान में अनियमितता पाई गई। रमौली निवासी धर्मवीर यादव ने जिले के अधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी। केवाईसी के नाम पर घोटाला किया गया था।नियमित जाँच के क्रम में सही पाया गया।

### शिवदाहा स्कूल में छात्रों ने बनाकर लाया वर्षा जल संग्रहण

दीपक कुमार

गायघाट। प्रखण्ड की शिवदहा में शिशु कल्याण कोचिंग सेंटर में क्लास दशमी के बच्चों द्वारा (वर्षा जल संग्रह) के लिए प्रोजेक्ट बना कर लाया गया। यह तकनीक उन क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है जहां जल की कमी है। बच्चों ने आकर्षक प्रोजेक्ट बनाकर अपने साथियों को भी प्रेरणा दी। इस अवसर पर कोचिंग के निदेशक विजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों के प्रयास की सराहना की गई। प्राचार्य दयाशंकर श्रीवास्तव के द्वारा बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। जिन बच्चों ने इस प्रोजेक्ट में भाग लिया उनमें स्नेहा कुमारी, निशा कुमारी, श्वेता, अंशु, निशिका, घोसिया निगार, संध्या, रिया, अभिषेक कुमार, हिमांशु कुमार, सोहन कुमार, किशन कुमार प्रमुख रहे। इस प्रोजेक्ट के प्रेरक कोचिंग के शिक्षक मोहम्मद निराले थे, उन्हें भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### एसपी ने किया चौतरवा थाना का निरीक्षण

क्षतिज राज

एसपी सुशांत कुमार सरोज ने शुक्रवार को चौतरवा थाना का निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण के दौरान गार्ड ऑफ ऑनर किया एसपी सुशांत कुमार ने किया सरकारी गाड़ी का निरीक्षण उन्होंने गाड़ी निरीक्षण के दौरान गाड़ी के इंजन को भी देखा एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि आज दिनांक 28 . 02.2025 दिन शुक्रवार को चौतरवा थाना का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान लगभग सारे पंजी को देखा गया है। और बहुत ही अच्छे ढंग से संधारण को तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि लगभग लगभग ना के त्रुटि पाये गये है। एसपी ने कहा कि जो नए पदाधिकारी हैं उनके द्वारा अच्छे ढंग से इस पंजी को तैयार किया गया है और उन्होंने यह भी बताया कि पूछताछ में बेहतरीन जवाब भी दिया गया है। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि हवलदार व सिपाही को अच्छा कार्य के लिए हमारे द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा वही निरीक्षण के मौके पर एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, सीआई बगहा, चौतरवा थानाध्यक्ष संजीत कुमार के साथ दर्जनों की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

# पीएचडी एडमिशन टेस्ट की घोषणा, छात्रों ने लगाया गड़बड़ी का आरोप

**यह परीक्षा 9 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 1600 से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया था**



**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**भागलपुर।** भागलपुर में तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय (टीएमबीयू) ने पीएचडी एडमिशन टेस्ट (पीएटी) 2023 का परिणाम घोषित किया है। यह परीक्षा 9 फरवरी 2023 को आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 1600 से अधिक परीक्षार्थियों ने भाग लिया था। हालांकि, इस परीक्षा के परिणाम के बाद छात्रों ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। परीक्षा परिणाम के प्रकाशन के तुरंत बाद, छात्र संगठनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। छात्रों का कहना है कि कई विद्यार्थियों के नाम में छेड़छाड़ की गई है और कुछ छात्रों को गैरहाजिर दिखाया गया है, जबकि उन्होंने परीक्षा दी थी। इस मुद्दे को लेकर छात्र राजद और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) जैसे संगठनों ने विश्वविद्यालय में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।छात्र राजद के कार्यकर्ताओं ने विवि बंद कराया और डीएसडब्ल्यू तथा परीक्षा नियंत्रक के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने मांग की कि यदि उनकी शिकायतों पर विचार नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को तेज करेंगे।परीक्षा नियंत्रक डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि अब तक तीन दर्जन से अधिक शिकायतें विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि इन शिकायतों को पैट परीक्षा संचालन कमेटी के समक्ष भेजा जाएगा और आगे की कार्रवाई कमेटी के निर्देशानुसार की जाएगी। इसके अलावा, विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों से 3 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं ताकि गड़बड़ी को सुधारने का प्रयास किया जा सके। छात्रों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर चर्चा करने के लिए डीएसडब्ल्यू प्रो. विजेंद्र कुमार और सीनेट सदस्य डॉ. आनंद मिश्रा ने आंदोलित छात्रों और परीक्षा नियंत्रक के बीच वार्ता कराई। छात्र राजद के अध्यक्ष ने परीक्षा नियंत्रक से 5 मार्च तक गड़बड़ी को सुधारने की मांग की है।

## सिरदला : राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश प्रभारी ने महादेव मठ में की पूजा अर्चना





**लोकतंत्र की आवाज**

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता**

**सिरदला नवादा।** प्रखंड के सांढ़ खौरा गांव स्थित महादेव मठ में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश प्रभारी शिव शंकर प्रसाद के द्वारा शिव की पूजा अर्चना किया गया। एवं राष्ट्रीय हिंदू संगठन के बारे में लोगों को जानकारी देकर हिंदू संगठन से जुड़ने को उत्प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य सनातन शक्ति को पहचान करना एवं सनातन धर्म को मजबूत करना है। राष्ट्रीय हिंदू संगठन एक प्रमुख संगठन है जो हिंदू समाज की सुरक्षा, सेवा और उत्थान के लिए समर्पित है। इस संगठन का उद्देश्य न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा करना है, बल्कि समाज को कमजोर वर्गों को सहायता करना भी है। इस दौरान लोगों को संकल्प भी कराया गया। मौके पर शिव के दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## पीरपैंती: ललन कुमार लोजपा (रा) के पंचायत अध्यक्ष बनाए गए



**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष सौरभ कुमार साह ने लोजपा (रा)का कीर्तनीय पंचायत अध्यक्ष के रूप में कीर्तनीय निवासी ललन पासवान को नियुक्त किया। ललन कुमार ने बताया कि पार्टी के मापदंड पर मै खरा उतरूंगा।पार्टी ने जो दायित्व दिया है उसे पूरा करने का कोशिश करूंगा। सौरभ कुमार ने संगठन विस्तार हेतु आवश्यकदिशा निर्देश दिया।इस मौके पर रंजीत गुप्ता, भोजल पासवान, सुरेश पासवान, धुटर पासवान, बिट्टू पोद्दार ,निरंजन पासवान, अमित पासवान, बिट्टू गुप्ता, अमित गुप्ता, पूरन ताती, बरवीर राय, विनोद पंडित, विकास गुप्ता, भोगन सोरेन ,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## साहित्य समाज को जोड़ने का बड़ा साधन है : रजनीश कुमार राय जिला उर्दू कोषांग की ओर से मुशायरा का किया गया आयोजन

**लोकतंत्र की आबाज**



**समस्तीपुर।** साहित्य समाज को जोड़ता है। उर्दू साहित्य में उर्दू कविता को महत्वपूर्ण स्थान हासिल है। कविता मनुष्य के व्यापक जीवन संघर्ष और लोक जीवन की अनेक समस्याओं तथा उसके यथार्थ से नाता जोड़ लिया है। कविता सुनने वाला व्यक्ति रचना में अपनी छवि देखा है और मंत्रमुग्ध हो जाता है। उक्त बातें उपनिदेशक अल्पसंख्यक कल्याण रजनीश कुमार राय ने जिला उर्दू कोषांग की ओर से फ़रोग- ए - उर्दू सेमिनार के दूसरे सेशन में आयोजित मुशायरा में कहीं। उन्होंने कहा कि उर्दू गजल उर्दू साहित्य की एक ऐसी विधा है जिसमें सिर्फ दो पंक्तियों में पूरी बात कही जा सकती है उर्दू गजल में शिल्प के साथ-साथ तकनीक का भी ध्यान रखा जाता है। हम उर्दू पढ़े और लोगों को भी उर्दू पढ़ाएं ताकि हम उर्द साहित्य को गहराई से जान सकें। काविश जमाली, आफताब समस्तीपुरी, आलम सिद्दीकी, आसिफ वकील, रंजन लता, प्रवीण कुमार चुन्नू , ऐयूब अंसार, मुकीम दानिश ने काव्य पाठ करते हुए कई विषयों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी जिला उर्दू भाषा कोषांग मो खालिद अनवर जिलानी, शाजिया तमकीन, रहमत अली, मो तारिकउजमा, डॉक्टर वासिया इरफाना, शारिक रहमान लवली, मो सनाउल्लाह, परवेज हक, मो इरफान, मो आलम सिद्दीकी, सादिया तबस्सुम, मो असादुल्लाह, मो मंजूर आलम, आदिल रहमान खां, जियाउर रहमान वगैरह मौजूद थे।

# बिहपुर : बिहपुर में युवा राजद की बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर ,,,,, युवा राष्ट्रीय जनता दल द्वारा आगामी 5 मार्च 2025 को पटना के मिलर हाई स्कूल मैदान में आहूत युवा चौपाल कार्यक्रम की सफलता को लेकर बिहपुर में राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव और कोशी स्नातक क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ नितेश कुमार यादव के गरिमामयी उपस्थिति में नवगछिया युवा राजद के जिलाध्यक्ष अमन कुमार आनंद के अध्यक्षता एवं प्रधान महासचिव महमूद गजनवी के संचालन में युवा राजद की बैठक हुई।राजद प्रवक्ता ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का रीढ़ युवा संगठन है।जनविरोधी नीतीश-भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए छात्र-युवा आगे आएं।युवा





जिलाध्यक्ष अमन आनंद ने कहा कि युवा चौपाल कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए भारी संख्या में 5 मार्च को पटना पहुँचने की युवाओं से अपील किया है। चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला से पंचायत स्तर तक युवा राजद द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व एमएलसी प्रत्याशी डॉ नितेश यादव ने कहा कि युवा अगर चाहे तो सत्ता कभी भी पलट सकते है।देश के विकास में युवाओं का अहम भूमिका होता है।बैठक में प्रखंड राजद बिहपुर के प्रखंड अध्यक्ष किशोर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष सुबोध पासवान, जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार, सुमन कुमार, अभिषेक लालू, धर्मवीर कुमार, लालू यादव सहित दर्जनों पार्टी नेता उपस्थित थे।

## बिहपुर : रमजान का चांद आज पहला रोजा कल से,,,,,,,,,,,,अली कौनैन खान

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर,,,,,** शुक्रवार को माह-ए-रमजान को लेकर बिहपुर के खानका-ए आलिया फरीदिया मोहब्बतिया के सज्जादा नसी हजरत अली कौनैन खान फरीदी व नायब सज्जादानशीं मौलाना अली शब्बर खान फरीदी ने कहा कि शुक्रवार को चांद नहीं दिखा।माह-ए-रमजान का शुरुआत रविवार से हो जाएगा। वहीं सज्जादा नसी अली कौनौन खान फरीदी ने कहा कि हर चीज का जकात होता है।शरीर का जकात रोजा रखकर अदा किया जाता है।जिस तरह धन दौलत से जकात निकाल दिया जाता है। तो वह धन पाक हो जाता है। इसी तरह रोजा जकात-ए-बदनी है।जिससे न सिर्फ शरीर बल्कि मन भी पाक साफ हो जाता है। खुदा इस महीने में रोजेदारों पर दस गुणा अधिक अपनी रहमत अता करते हैं। बताया गया कि इस्लामिक कैलेडर के अनुसार नौवें महीने में पूरी दुनिया के मुसलमान रोजा रखते हैं। और रोजा रखना इस्लाम मजहब के पांच स्तंभों में से एक है। सज्जादानशी ने कहा कि इस महीने में नमाज, रोजा, जकात और सदका-ए-फितर के साथ इंसानी है। हमदर्दी का भाव रखें। अल्लाह ताला के रसूल पैगम्बर मोहम्मद मुस्तफा सलल्लाहो अलैय बसल्लम ने इरशाद फरमाया है कि जो शख्स खुद पेट भर खाए। और उसका पड़ोसी भूखा रहे, तो ऐसे शख्स को जन्नत नसीब नहीं होगी। नायव सज्जादा नसी मौलाना अली शब्बर खान फरीदी ने बताया कि रमजान के पवित्र महीने में सेहरी का भी विशेष महत्व है। कुरानशरीफ के मुताबिक इसके लिए सुबह सूरज निकलने से डेढ़ घंटे पहले जगना चाहिए। क्योंकि इस के बाद पूरे दिन कुछ भी रखाया पीया नहीं जाता है। रोजा इफ्तार शाम को सूरज डूबने के बाद कुछ समय का अंतराल रखते हुए किया जाता है इसके लिए समय निश्चित होता। मुकम्मल कुरान की तराहवी की नमाज जामा मस्जिद बिहपुर में हाफिज तारीक रजा पढ़ाएंगे आज से।

## चौतरवा थाना परिसर में किया गया जप्त 551 लीटर देशी शराब व अंग्रेजी शराब का विनिष्टीकरण

**लोकतंत्र की आवाज**

**क्षितिज राज**

**चौतरवा :** खबर बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना हैं जहां चौतरवा थाना परिसर में शुक्रवार को बगहा एक प्रखंड के सीओ नर्वदा श्रीवास्तव और थानाध्यक्ष संजीत कुमार के मौजूदगी में किया गया देशी शराब व अंग्रेजी शराब विनष्ट जिसमें विभिन्न थानों से जैसे में चौतरवा थाना, बगहा थाना, धनहा थाना, सेमरा थाना, ठकरहा थाना, नदी थाना, वाल्मीकि नगर थाना, गोवर्धना थाना, रामनगर थाना, बथुवरिया थाना के साथ और भी थाना से चौकीदार द्वारा जप्त हुए देशी शराब व अंग्रेजी शराब को लाया गया था जिसको बारी – बारी से विनष्ट किया गया। वही 16 थानों में जप्त देशी शराब व अंग्रेजी शराब को



विनष्ट करते पुलिस अधिकारी थाना अध्यक्ष संजीत कुमार सिंह ने बताया कि सीओ बगहा एक के निर्देश के आलोक में चौतारा थाना परिसर में 16 थानों में जप्त 551 लीटर देशी शराब व अंग्रेजी शराब को विनष्ट किया गया हैं।

# कहलगांव : सन्हौला में प्रखंड स्तरीय टीएलएम मेला आयोजित

**लोकतन्त्र की आवाज**

**केदार नाथ पाण्डेय**

**कहलगांव।** सन्हौला प्रखंड अंतर्गत राजकीय बुनियादी विद्यालय भुड़िया में शुक्रवार को आयोजित प्रखण्ड स्तरीय टीएलएम मेला 2.0 का शुभारंभ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजेयेश्वर पाण्डेय , सेवानिवृत्त शिक्षक अनिल कुमार मंडल , बीआरपी अवधेश कुमार एवं डायट प्रतिनिधि ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया, जिसमें प्रखंड अंतर्गत विभिन्न संकुल विद्यालयों के चयनित शिक्षकों ने स्वयं द्वारा निर्मित टीएलएम को प्रदर्शित किया । प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में उपस्थित सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजेयेश्वर पांडेय ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रोचक तरीके से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने



के लिए शिक्षकों को प्रतिस्पर्धी माहौल देकर उन्हें सृजनशील बनाना है । बच्चों में भाषा व संख्या ज्ञान के साथ-साथ सभी विषय के अधिगम प्रतिफल विकसित करने एवं आसान व रोचक तरीके से सीखने -सिखाने के लिए शिक्षक स्वनिर्मित आकर्षक टीएलएम का उपयोग अपने वर्ग कक्ष में करते हैं । प्राथमिक विद्यालय मुसहरी टोला सनोखर के शिक्षक संजीव चन्द्र सुमन द्वारा निर्मित गणित में संख्याओं का जादू पर आधारित टीएलएम आकर्षण का केंद्र रहा ।हिन्दी में मध्य विद्यालय सकरामा के सुमन कुमार झा , अंग्रेजी में मध्य विद्यालय चकनत्थु की प्रिया भारती , उर्दू में उर्दू प्राथमिक विद्यालय बैसा के मो.अब्दुल एवं पर्यावरण में मध्य विद्यालय पाठकडीह की श्वेता चौरसिया को प्रथम स्थान के लिए शील्ड और डायरी देकर सम्मानित किया गया। सभी विषय के सर्वश्रेष्ठ टीएलएम का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया । मौके पर चयन समिति के सदस्य के साथ वरीय शिक्षक अरुण कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार, डॉ. सुनील शुक्ला, सुभाष प्रसाद, वरुण उपाध्याय, मनोज भारती के साथ दर्जनों शिक्षक - शिक्षिकाएँ उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सौर बाजार अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित अंचलाधिकारी धीरज कुमार ने लिया योगदान



लोकतंत्र की आवाज
अमित कुमार
सौर बाजार ( सहरसा )संवाददाता। सौर बाजर स्थित अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित प्रशिक्षु उपसमाहर्ता सह अंचलाधिकारी धीरज कुमार के रूप सौर बाजार अंचल कार्यालय में योगदान लिया गया। योगदान लेने के उपरांत उन्होंने पत्रकारों को बताया कि राजस्व व भूमि सुधार द्वारा मिलने वाले दिशा निर्देश व योजना को सुचारू रूप से पारदर्शीता के साथ निष्पादन करने का लोगों को आश्वासन दिया गया है। वहीं योगदान के क्रम में अंचलाधिकारी विद्याचरण ने नवपदस्थापित प्रशिक्षु उपसमाहर्ता सह अंचलाधिकारी धीरज कुमार को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया।

### डीआरएम के सभाकक्ष में डीआरयूसीसी की बैठक का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज
प्रवीण कुमार
कटिहार। 86 वीं डीआरयूसीसी की बैठक का आयोजन डीआरएम के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जेड आर यू सी सी के लिए हुए चुनाव में बिहार दैनिक यात्री संघ के प्रतिनिधि मदनलाल मंडल ने सीधा मुकाबला में जीत हासिल की। उन्होंने नैय्यर मसूद खान को सात मतों से मात दी। चुनाव में 11 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम डीसी कलिता ,डीसीएम संगीता मीणा,डी ओ एम आई सी, सीनियर डीएमई,डीईएन 4 सीनियर डीएसटीई, सीनियर डी ई आदि रेलवे पदाधिकारी उपस्थित थे । सदस्यों ने रेल यात्रियों की सुविधाओं की ओर मंडल रेल प्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराया। विजयी होन पर संघ के मुख्य संरक्षक पूर्व मंत्री डॉ राम प्रकाश महतो, अध्यक्ष डॉ रामनिवास शर्मा ,कोषाध्यक्ष डॉ प्रोसेनजीत चौधरी, उपाध्यक्ष विकास चंद्र ठाकुर, बछराज राखेचा,श्याम लाल अग्रवाल,अनिल पासवान,ध्रुव चंद्र झा ,नंद किशोर राम,नीलम शर्मा,अभिमन्यु कुमार मन्नू,अमृता कश्यप आदि ने बधाई दी है। बैठक में कटिहार के अजय कुमार सिंघानिया और शिव शंकर रमानी, फारबिसगंज के बछराज राखेचा, मालदा के पुरुषोत्तम कुमार रजक रजक, जलपाईगुड़ी के तपन कुमार चक्रवर्ती, न्यू माल जंक्शन के राकेश नंदी,अररिया के राजेश कुमार मिश्रा ,रायगंज के अतानु बंधु लाहिरी, दार्जिलिंग के विमल कुमार मिंत्री आदि उपस्थित थे।

### सिमरी बख्तियारपुर: 6500 एस्क्वायर मीटर रेल की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराया गया



लोकतंत्र की आवाज
सिमरी बख्तियारपुर/सहरसा। पूर्व मध्य रेलवे के सहरसा मानसी रेल खंड के बीच कोपरिया रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र में शुक्रवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें रेल परिक्षेत्र के अतिक्रमित भूमि को खाली कराया गया। रेल विभाग के सहायक मंडल एनके शुक्ला के नेतृत्व में चलाया गया। साथ ही समस्तीपुर डिवीजन रेलवे के सेक्शन इंजीनियर विनय कुमार की उपस्थिति थें। रेल अधिकारियों ने जेसीबी मशीन से 6500 सौ एस्क्वायर मीटर भूमि अतिक्रमण हटाया गया। इस संबंध में रेलवे के सिनियर सेक्सन इंजीनियर विनय कुमार ने बताया कि अतिक्रमण भूमि को खाली कराने के बाद अगर इस रेलवे भूमि पर दोबारा कोई भी व्यक्ति जमीन अतिक्रमण करता है तो उसके विरुद्ध रेल विभाग के अधिकारियों के द्वारा कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलता रहेगा। वहीं सलखुआ अंचलाधिकारी पुष्पांजलि कुमारी एवं सुनील कुमार के संयुक्त मजिस्ट्रेट के की मौजूदगी में दिन के लगभग 5 बजे तक यह अभियान चलाया गया। मौके पर रेल इंस्पेक्टर वंदना कुमारी, आरपीएफ एवं जीआरपी मानसी पुलिस बल एवं स्थानीय सलखुआ थाना की पुलिस बलों ने इस कार्य में सहयोग किया।

# सहरसा: श्रमिक विवाह एवं मृतक योजना के आश्रितों ने राशि भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** श्रम संसाधन विभाग की लापरवाही एवं मनमानी से क्षुब्ध होकर भवन निर्माण मजदूर संघ के ई-श्रम कार्ड धारियों ने गुरुवार को श्रम संसाधन विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष संतोष पासवान एवं उपाध्यक्ष राम प्रताप यादव ने बताया कि श्रम संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा मनमानी पूर्ण तरीके से मजदूर के साथ बर्ताव कर रही है। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण मजदूर संघ संबंद्ध भारतीय मजदूर संघ के 44 मजदूर के परिजनों का विवाह योजना के तहत मिलने वाली राशि को लेकर परेशान किया जा रहा है।

वही मृतक 14 परिवारों के परिजन राशि भुगतान को लेकर 2 वर्षों से परेशान किया जा रहा है। जबकि आर्थिक लाभ देने वाले लोगों का गलत कागजात होने के बावजूद विभाग द्वारा भुगतान कर किया गया है। जिसके सारे साक्ष्य एवं सबूत मौजूद है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को छोटी-मोटी गलती को लेकर परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि वे लोग काफी गरीब हैं एवं दैनिक मजदूरी कर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे में -विभाग के द्वारा कोर्ट से तीन-तीन बार स्व घोषित प्रमाण पत्र बनाकर -दिया गया लेकिन अब तक इन लोगों - का भुगतान जानबूझकर रोक दिया गया है। मनीता देवी ने बताया कि मेरे - पति का देहांत हो चुका है। लेकिन अब तक मुझे किसी प्रकार की कोई सहायता नही प्रदान किया गया है। उपाध्यक्ष विनेश कुमार विमल, मनीषा देवी, बेचनी देवी, मनीता देवी, राजवीर कुमार, शंभू ठाकुर, उषा देवी, अंजू देवी, अमेरिका देवी एवं रंजन पासवान ने बताया कि हम लोगों का ई-श्रम कार्ड बनने के बावजूद सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में हम लोग विगत दो वर्षों से ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद बारंबार कार्यालय बुलाकर अब तक भुगतान नहीं किया गया है। श्रमिक नेता ने -बताया कि श्रम विभाग के निरीक्षकों -द्वारा सभी अभ्यर्थियो को जांच एवं -स्थल निरीक्षण के नाम पर पैसे की -मांग की जाती है। वही जो गरीब पैसे देने में सक्षम नही है। उसका - काम बार बार अटकाया लटकाया एवं भटकाया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध मे वरीय अधिकारियो से गरीब मजदूरों के आश्रितों को उचित जांच कर लंबित भुगतान देने की गुहार लगाई है।

## पंडित चंद्रशेखर आजाद के 94 वें शहादत दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता।** आजाद युवा विचार मंच के द्वारा गुरुवार को मां भारती के वीर सपूत आत्मबलिदानी पंडित चंद्रशेखर आजाद के 94 वें शहादत दिवस पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मंच के अध्यक्ष अशोक झा लाल कि अध्यक्षता, उपाध्यक्ष संजीव कुमार झा के संचालन एवं अंशु मिश्रा के संयोजन में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद मिथिलेश झा, वर्तमान वार्ड पार्षद राजेश कुमार सिंह, दंत चिकित्सक डा अभय कुमार सिंह, मंच के संरक्षक मंडल सदस्य अमरनाथ चौबे, रणविजय झा, आशुतोष कुमार झा, मानस कुमार राय, कांग्रेस नेता सुदीप कुमार सुमन, समाज सेवी मुकेश कुमार सिंह, अधिवक्ता आदित्य ठाकुर, नीरज कुमार झा, समाज सेवी आदर्श सिंह, ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कोशी प्रमंडल प्रभारी शैलेश कुमार झा, ब्राह्मण महासभा के जिला प्रभारी आशुतोष राय उर्फ भगवान राय, सहायक प्रभारी मुकेश कुमार झा, आजाद युवा विचार मंच के सुर्य प्रकाश झा, रघुवंश झा रौशन मिश्रा, लोजपा सौर बाजार प्रखंड उपाध्यक्ष सुबोध यादव, ने चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर नमन करते हुए सभी को आजाद जी के आदर्शों, देश के प्रति उनके समर्पण एवं नेतृत्व करने कि उनकी अद्भुत क्षमता को अपना कर समाज को सही दिशा में ले जाने कि बातें कही। मौके पर उपस्थित आजाद युवा विचार मंच के खुशी भारद्वाज, सुरज कात्यायन, अनुज झा, सिलेट ग्रामीण इकाई अध्यक्ष भुषण झा, सौर बाजार प्रखंड सचिव सुरज कुमार, सागर कुमार, गोपाल झा, हरिओम झा, रोहन बाबू, आदित्य झा ने मंच के कार्यो को चंद्रशेखर आजाद जी के आदर्शों पर ले जाते हुए कहा कि आजाद थे, आजाद है, और आजाद ही रहेंगे।रक्तदान हो या पर्यावरणीय जागरूकता, स्वच्छता हो या शैक्षणिक जागरूकता, या फिर नशा उन्मूलन हम-सभी हम युवाओं का यह दायित्व है समाज को जागरूक करने का। इसके लिए आजाद युवा विचार मंच कृत संकल्पित है।

## कुर्साकांटा: सुंदरनाथ धाम मंदिर परिसर में चोरी के मोबाइल के साथ छह पॉकेटमारों की गिरफ्तारी



लोक तंत्र कीआवाज
**कुर्साकांटा।** कुंवारी थाना अंतर्गत सुंदरनाथ धाम मंदिर परिसर में पुलिस ने छह पॉकेटमारों को चोरी के मोबाइल के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मो. सानू ( 19 वर्ष), मो. शहजाद ( 19 वर्ष), मो. आजाद ( 23 वर्ष), मो. इम्फ़राज ( 21 वर्ष), मो. अख्तर मियां ( 30 वर्ष) और रजत रॉय ( 22 वर्ष) शामिल हैं, जिनमें से अधिकांश नेपाल और भारत के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं। पुलिस द्वारा की गई जांच में पता चला कि ये सभी आरोपी एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह के सदस्य थे। यह गिरोह संगठित तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था और चोरी किए गए मोबाइलों को बेचने का काम करता था। इस गिरोह का नेटवर्क सीमा पार से लेकर जोगबनी सीमा क्षेत्र तक फैला हुआ था, जिसमें कई सामाजिक लोग भी शामिल थे। पुलिस ने इन आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस विभाग अब इन आरोपियों के अन्य अपराधों का पर्दाफाश करने के लिए प्रयासरत है।

# संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों का आंदोलन: वेतनमान की मांग को लेकर काला बिल्ला लगा किया प्रदर्शन

लोक तंत्र कीआवाज



- 30 वर्षों से बिना वेतन के काम कर रहे हैं शिक्षक, 5 मार्च से बढ़ेगा आंदोलन, सरकार से आर-पार की लड़ाई की चेतावनी

**मधेपुरा।** वेतनमान की मांग को लेकर संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों और कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू कर दिया है। 30 वर्षों से बिना वेतन के काम कर रहे शिक्षकों ने इस आंदोलन के तहत काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध जताया। यह विरोध फेक्टनेब के बैनर तले बीएनएमयू के सभी डिग्री कॉलेजों में किया गया, जिसमें शिक्षक और कर्मचारी एकजुट होकर प्रधानाचार्यों को अपनी मांगों का पत्र सौंप रहे हैं।

मधेपुरा के पीएस कॉलेज और मधेपुरा कॉलेज में सबसे महत्वपूर्ण प्रदर्शन हुआ, जहां शिक्षकों ने मिलकर काला बिल्ला लगाकर संबंधित प्रधानाचार्य को मांग पत्र सौंपा। शिक्षकों ने कहा कि पिछले 30 वर्षों में बिहार के शिक्षा तंत्र का अवमूल्यन हुआ है और अब उनका धैर्य टूट चुका है। शिक्षक और कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं, जबकि राज्यभर के 60 प्रतिशत से अधिक छात्र संबद्ध कॉलेजों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**आंदोलन का अगला चरण :** अब शिक्षकों ने सरकार से आर-पार की लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आगामी विधानसभा चुनाव में उनका मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। इसके अलावा, संघ के विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि सात साल से लंबित अनुदान की राशि को लेकर भी कई परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं, जिससे गुजारा नहीं हो पा रहा है।

**अगला कदम :** 5 मार्च को राज्य के सभी संबद्ध कॉलेजों के कर्मी विश्वविद्यालय में प्रदर्शन करेंगे और मुख्यमंत्री के नाम कुलपति को मांग पत्र सौंपेंगे। इसके बाद 6 से 19 मार्च तक अपने-अपने क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों का घेराव कर उनसे इस मुद्दे पर सदन में आवाज बुलंद करने की अपील करेंगे। अंततः, 20 मार्च से पटना में अनिश्चितकालीन धरना और उपवास कार्यक्रम की योजना है।

**सपोर्ट:** आंदोलन में पीएस कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अशोक कुमार ने भी समर्थन दिया और शिक्षकों की मांगों को उचित ठहराया। इसके अलावा, कई कॉलेजों के शिक्षक और कर्मचारी भी इस आंदोलन में हिस्सा ले रहे हैं।

# अररिया: राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 04 मार्च को जिले में विशेष अभियान, 18.25 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी कृमि नाशक दवा

लोक तंत्र कीआवाज



- सारथी रथ से होगी जन जागरूकता, मॉपअप राउंड 07 मार्च को, ताकि कोई बच्चा दवा से वंचित न रहे

**अररिया।** अररिया जिले में आगामी 04 मार्च को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत 01 से 19 साल तक के 18.25 लाख बच्चों को कृमि नाशक दवा दी जाएगी। यह अभियान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है ताकि बच्चों को पेट में होने वाले कृमि से मुक्ति मिल सके।

इस अभियान के तहत, 04 मार्च को दवा सेवन से वंचित बच्चों के लिए 07 मार्च को मॉपअप राउंड आयोजित किया जाएगा, ताकि सभी बच्चों को कृमि नाशक दवा मिल सके। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, जागरूकता फैलाने के लिए ₹सारथी रथ₹ को रवाना किया गया, जिसका उद्घाटन डीआईओ सह एसीएमओ डॉ. मोईज ने किया। सारथी रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में घूमकर लोगों को दवा सेवन के महत्व के बारे में जागरूक करेगा।

**जागरूकता व सामुदायिक भागीदारी से होगी अभियान की सफलता :** जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. मोईज ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए जागरूकता और सामुदायिक भागीदारी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पेट में कृमि होने से बच्चों में कुपोषण, एनीमिया, थकान और पढ़ाई में ध्यान की कमी जैसी समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। यह अभियान बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत जरूरी है। हर साल दो बार यह विशेष अभियान संचालित किया जाता है और बच्चों को एलबेंडाजोल नामक दवा दी जाती है।

**18.25 लाख बच्चों को दवा का सेवन कराने का लक्ष्य :** एनडीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शाहीद रेजा ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 18.25 लाख बच्चों को दवा का सेवन कराना है। अररिया, भरगामा, जोकीहाट, नरपतगंज, फारबिसगंज, रानीगंज, कुर्साकांटा, पलासी और सिकटी प्रखंडों में बच्चों को दवा दी जाएगी। यह अभियान सुनिश्चित करेगा कि हर बच्चा इस दवा का सेवन करे, ताकि वे कृमि से मुक्त हो सकें।

# अररिया में आयोजित हुआ जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन

लोक तंत्र कीआवाज



- 17 कंपनियों और 9 विभागीय स्टॉल पर आवेदकों ने दिखाया उत्साह, 303 युवाओं को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया

**अररिया।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार और जिला नियोजनालय, अररिया के तत्वाधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय नियोजन-सह-व्यवसायिक मार्गदर्शन मेला संयुक्त श्रम भवन परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला पदाधिकारी अनिल कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार, सहायक निदेशक नितेश कुमार पाठक, और जिला नियोजन पदाधिकारी मो. आकिफ वक्कास द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मेले में 17 कंपनियों के स्टॉल और 9 विभागीय स्टॉल लगाए गए थे। 764 बायोडाटा प्राप्त हुए, जिनमें से 303 आवेदकों को अगले चरण के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। विभागीय स्टॉल द्वारा 360 आवेदकों को सरकारी योजनाओं के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला पदाधिकारी ने कुशल युवा कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया और निबंध प्रतियोगिता₹ में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को सम्मानित किया।

नियोजन मेले के सफल आयोजन में जिला कौशल प्रबंधक रविशंकर कुमार और जिला कौशल विशेषज्ञ संतोष कुमार नोनियां का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में जिला नियोजन पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर सभी प्रखण्डों के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी और बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भी उपस्थित थे।

# डीआईजी ने 40 गुम हुए मोबाइल लोगों को किया सुपुर्द

**मुस्कान अभियान**

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** सहरसा पुलिस लगातार लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास कर रही है। जिसके तहत गुरुवार को कोसी रेंज के डीआईजी मनोज कुमार ने बीते कुछ दिन पूर्व गुम हुए 40 मोबाइल को फिर से ढूंढ कर उनके सही मालिक को वापस किया।हजारों रुपए के गुम हुए मोबाइल को फिर से वापस पाकर लोगों ने डीआईजी और सहरसा पुलिस को धन्यवाद कहा है। बिहार पुलिस सप्ताह के समापन के मौके पर पुलिस केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी हिमांशु वा अधिकारियों की मौजूदगी में मोबाइल वापस किया गया था।

डीआईजी मनोज कुमार ने बताया कि बीते 22 फरवरी से पुलिस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत गुरुवार 27 फरवरी को इसका समापन होना तय था। इसके उपलक्ष्य में पुलिस लाइन में वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया था। उन्होंने आगे बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत सहरसा पुलिस की उपलब्धि काफी बेहतर रही है। बीते एक साल में अब तक कुल 22 लाख के गुम हुए मोबाइल को फिर से ढूंढ कर उनके सही मालिक तक पहुंचाया गया है। आज भी कुल 40 गुम हुए मोबाइल जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 30 हजार रुपए होती है। वह लोगों को वापस की जा रही है। गुम हुए मोबाइल को वापस पा कर लोगों ने खुशी जाहिर की है। सहरसा पुलिस के प्रति अनुग्रह भी व्यक्त किया है। पुलिस को भी लोगों का काम करके खुशी मिलती है। उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। पब्लिक का सेवा ही हमारा उद्देश्य है। हम जो कुछ भी करते हैं। उसका केंद्र बिंदु पब्लिक है। बड़ी खुशी की बात है कि सहरसा पुलिस लोगों की कसौटी पर खड़ा उतर रही है। खासकर सहरसा जिला पुलिस कप्तान हिमांशु और उनकी टीम को इसके लिए बधाई देता हूं। पुलिस पदाधिकारी को भी अच्छा लगता है। जब पब्लिक उनके कृत्य पर कृतज्ञ होती है। अनुग्रह व्यक्त करती है। एक बार फिर पूरी टीम को बधाई है। बता दें कि इससे पूर्व भी सहरसा पुलिस द्वारा दो पेज में कुल 110 मोबाइल की वापसी की गई थी। जिसके तहत बीते साल 2024 के 16 अगस्त को कुल 70 मोबाइल जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख 50 हजार रुपए थी। वह वापस की गई थी। साथ ही दूसरे पेज में बीते साल 24 के ही 2 नवंबर को कुल 40 मोबाइल को लोगों को वापस किया गया था। जिसकी भी अनुमानित कीमत 6 लाख रुपए थी। सभी मोबाइल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र, ओपी क्षेत्र और पुलिस शिविर क्षेत्र में गुम या चोरी होने के बाद पीड़ित द्वारा सनहा या एफआईआर दर्ज करवाई गई थी। सभी मोबाइल वापस हुई।

# महाशिवरात्रि पर शिव धुनि का हुआ शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज



**चन्दन कुमार पासवान**
**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा।** सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र के हटिया गाछी स्थित रामेश्वर नाथ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार रात पूजा अर्चना एवं शिव विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। महाशिवरात्रि बुधवार को पंचग्रही व शिव योग में मनाई गई। मान्यता के अनुसार इस दिन की गई महादेव की उपासना से शिव भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। बुधवार की रात बनारस के पंडित अनिल कुमार एवं शिवा पांडे के सानिध्य में यजमान बिनोद कुमार भगत, धीरज भगत, विकास भगत, मंजू गुप्ता, गुड़िया देवी एवं सोनी देवी के द्वारा किया गया। मौके रामेश्वर बाबा को चांदी का मुकूट भी पहनाया गया।

वही आज दिन के 2 बजे से लगातार 48 घंटे का शिवधुनी भी शुभारंभ हो गया है। वही बनारस के आचार्य के द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ शिव धूनी यज्ञ का शुभारंभ किया गया। वही दूर दराज से आये कलाकारों के द्वारा भजन का आयोजन रात भर किया गया। बनारस के आचार्य अनिल कुमार ने महाशिवरात्रि के महत्व को बताते हुए कहा कि लोक में शिव एवं पार्वती प्रथम युगल माने गए हैं। धूनी रमाने वाले औघड़ जोगी शिव से पार्वती जी के विवाह का विचार ही अदभुत है। पार्वती आदिशक्ति हैं, उनके प्रेम और समर्पण ने उन शिव को गृहस्थी के संसार में बांध लिया है, जो मृत्युंजय हैं, भैरव हैं, महायोगी हैं। शिव-पार्वती का विवाह सबको आनंद देने का अवसर है। सभी देवी-देवता शिव-पार्वती विवाह को लेकर अच्छे-खासे उत्साहित थे। लेकिन शिवजी के सामने एक समस्या थी। भोले बाबा तो मसानवासी औघड़ ठहरे। तो वो बरात में किसको ले जाते?

अंततः भगवान शिव, जिन्हें बाबा भूतनाथ भी कहते हैं, वो भूतों और प्रेतों की बरात ले कर चल पड़े विवाह करने के लिए, 'बरातिया लई के आई गए बम बन भोला।' शिव-पार्वती के विवाह के प्रसंग से मैथिली, भोजपुरी, अवधी लोकसहित्य भरा हुआ है। जब ये बरात माता पार्वती के दरवाजे पर पहुंची तो डर के मारे भगदड़ मच गई। मौके पर डॉ उमेश भगत , शंकर भगत, मिथिलेश भगत , विनोद भगत , उमेश भगत , श्रवण भगत, बीरेंद्र भगत, धीरज भगत , रवि भगत , ननकी भगत, मुकुंद भगत, सनी टुनटुन आदि सहित अन्य ने सक्रिय योगदान दिया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पलामू में 251 अनुसेवक को किया गया बर्खास्त, सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हुई पुनर्विचार याचिका

लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी प्रभारी झारखंड

पलामू( झारखंड) । सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पलामू में 251 अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया गया है. दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने 2010 में फोर्थ ग्रेड के पद पर निकली बहाली को अवैध करार देते हुए बहाली को रद्द करने का आदेश दिया था. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पलामू डीसी ने सभी अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया है. बर्खास्तगी का पत्र 22 फरवरी को जारी हुआ है, जबकि शुक्रवार को अनुसेवकों को आधिकारिक तौर पर जानकारी हुई है. इधर अनुसेवकों ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल की है.

अनुसेवक राजेंद्र राम के नेतृत्व में 239 अनुसेवक सुप्रीम कोर्ट गए हैं. सभी अनुसेवक बर्खास्त होने के बाद शुक्रवार को पलामू के शिवाजी मैदान में जमा हुए. अनुसेवकों का कहना है कि सरकार और प्रशासन की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं की गई है. वे वर्षों से नौकरी कर रहे हैं. उनकी क्या गलती है. बर्खास्त होने वाले अनुसेवक नरेश भारती और विवेका शुक्ला ने बताया 2010 के विज्ञापन पर कई अनुसेवक बहाल हुए थे. लेकिन सात अनुसेवकों को बर्खास्त नहीं किया गया है. अनुसेवक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि कई अधिकारियों से उन्होंने मिलने का समय मांगा था, लेकिन समय नहीं दिया गया. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को मामले में अपील करनी चाहिए थी, लेकिन अपील नहीं की गई है. कई ऐसे अनुसेवक हैं, जो दिव्यांग हैं. अब अगले चार से पांच महीना में सेवानिवृत्ति भी होने वाले थे. बर्खास्त अनुसेवकों ने बताया कि इस तरह की बहाली के विज्ञापन झारखंड के अन्य जिलों में भी निकली थी.

**2010 में निकला था विज्ञापन, 2017–18 में हुई थी बहाली, 22 हजार लोगों ने दिया था आवेदन** : दरअसल, 2010 में पलामू में फोर्थ ग्रेड बहाली के लिए विज्ञापन निकाला गया था. 2017–18 में सभी लोगों की बहाली हुई थी. बहाली के लिए 22000 लोगों ने उस दौरान आवेदन दिया था. पूरी नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर अभ्यर्थी अमृत यादव कोर्ट गए. अमृत यादव का आरोप था कि नियुक्ति में कई प्रकार की गड़बड़ी हुई थी. परीक्षा में उनका चयन हुआ था, दोबारा जब पैनल बनाया गया तो वे शामिल नहीं थे. उन्हें बताया गया था कि नंबर कम है, वे मामले को लेकर हाईकोर्ट गए थे. हाईकोर्ट में राहत नहीं मिलने के बाद वे सुप्रीम कोर्ट गए. विज्ञापन में इस बात का जिक्रनहीं था कि कितने पदों पर बहाली होनी है।

### साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने नवनिर्मित साइंस सेंटर का किया उद्घाटन



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहिबगंज। जिले के सिद्धो–कान्हू स्टेडियम के पास नवनिर्मित साइंस सेंटर का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती ने फीता काट कर किया ।इस सेंटर का उद्देश्य जिले के विद्यार्थियों और आम नागरिकों को विज्ञान और तकनीक के प्रति जागरूक करना है ।साइंस सेंटर में बच्चों के लिए रोचक और ज्ञानवर्धक प्रयोगशालाएँ,इंटरैक्टिव मॉडल, 3ऊप्रोजेक्शन,और वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल और मनोरंजक तरीके से समझाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए डेमोंस्ट्रेशन उपलब्ध हैं ।यहां कृषि और विज्ञान के मेल को दर्शाने के लिए स्मार्ट फार्मिंग, जैविक खेती,हाइड्रोपोनिक्स और अन्य आधुनिक तकनीकों पर आधारित मॉडल भी रखे गए हैं, जिससे विद्यार्थी खेती में विज्ञान के महत्व को समझ सकें ।यहां साइंस सेंटर में एस्ट्रोनॉमी ( खगोल विज्ञान),रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण विज्ञान,भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ उपलब्ध कराई गई हैं ।यहाँ वैज्ञानिक गतिविधियों,वर्कशॉप और इंटरैक्टिव सेशंस के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया जाएगा ।मौके पर उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि यह साइंस सेंटर बच्चों और युवाओं के लिए विज्ञान की दुनिया में रुचि बढ़ाने और नई तकनीकों को सीखने का बेहतरीन मंच बनेगा ।उन्होंने छात्रों को इस सेंटर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की ।मौके पर सदर एसडीओ ओंकारनाथ स्वर्णकार,जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ दुर्गानंद झा,जिला शिक्षा अधीक्षक हर्ष कुमार,नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# गिरिडीह बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के दो आचार्य सेवानिवृत्ति

लोकतंत्र की आवाज





**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** भारत के कुछ राजनीतिक दलों के निशाने पर रहने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा संचालित विद्या भारती के विद्यालयों को ही सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कहते हैं यह बात 100% सत्य है की सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भारतीय सभ्यता संस्कृति को पूरी तरह से भारतीय शिशुओं में समाहित कर एक सुयोग्य नागरिक बनाने का प्रयास करती है।

बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दो आचार्य की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।आचार्य झूपर महतो एवं अर्जुन प्रसाद वर्मा की सेवानिवृत्ति पर प्रधानाचार्य आनंद कमल ने पुष्प–गुच्छ देकर सम्मानित किया।वहीं विद्यालय परिवार की ओर से दोनों आचार्य को अंगुठी,वस्त्र,शाल,मिठाई,ट्राली बैग आदि उपहार प्रदान किए गए। इसके साथ ही उन्हें अर्जित अवकाश की राशि प्रदान की गई। मौके पर समिति उपाध्यक्ष सतीश्वर प्रसाद सिन्हा उपस्थित हुए।

मौके पर प्रधानाचार्य ने कहा कि दोनों सहकर्मी बंधु ने लंबे समय से आचार्य के रूप में निष्ठापूर्वक अध्यनरत बच्चों को शिक्षा प्रदान करने का कार्य किया है। विद्या भारती योजनानुसार लंबे समय तक विद्यालय को अपनी सेवा प्रदान किया है जो सराहनीय है,प्रशंसनीय है। विद्यालय परिवार उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं उज्जवल भविष्य की मंगल कामना करता है। सतीश्वर प्र सिन्हा ने कहा कि एक आचार्य कभी सेवानिवृत नहीं होता,परंतु व्यवस्था के निमित्त सेवा से निवृत होना पड़ता है अर्थात जीवन के एक पड़ाव का अंत कर दूसरे पड़ाव का शुभारंभ करते हैं।वहीं बीते हुए पलों को साझा किया। सेवानिवृत्ति आचार्य झूपर महतो ने कहा कि विद्यालय का विकास तभी संभव है जब टीम भावना से कार्य किया जाए। मैं आशा करता हूं कि आने वाले दिनों में समस्त आचार्य दीदी विद्यालय को ऊंचाई पर ले जाएंगे।अर्जुन प्रसाद वर्मा ने कहा कि विद्यालय की ओर से जो हमें भाव एवं स्नेह मिला है वह स्मरणीय रहेगा।सभी मिलकर विद्यालय को ऊंचाइयों पर ले जाएं यही मेरी शुभकामना है।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप सिन्हा, अजित मिश्रा,राजेंद्र लाल बरनवाल,नलिन कुमार, सरिता कुमारी, मोनालिसा, मनीषा पांडेय एवं समस्त आचार्य दीदी का सराहनीय योगदान रहा।

# हज़ारीबाग जेल भेजा गया गैंगस्टर विकास तिवारी



### पुलिस रिमांड खत्म

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)** । चर्चित पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी के 48 घंटे का रिमांड पूरा हो गया है। उसे एक बार फिर हजारीबाग जेल भेज दिया गया है। लेकिन दो दिनों तक चली पूछताछ में उसने कई खुलासे किए हैं। सबसे बड़ी बात उसने यह कहा है कि निशि पांडे शुद्ध रूप से राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय है। उन्हें गिरोह से कोई सरोकार नहीं है। यहां तक कि उनके पास कोई भी गलत तरीके से आमदनी नहीं पहुंचती है। विकास तिवारी ने निशांत सिंह की भूमिका पर भी पुलिस को अपना बयान दिया है।उसने अपनी तरफ से उन दोनों को क्लीन चीट देने की कोशिश की है। पूछताछ के दौरान विकास तिवारी के बयान को कलमबद्ध किया जा रहा था। लेकिन उसने किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। यह जानकारी बुधवार को पुलिस सूत्रों ने दी है।

पांडे गिरोह के मुख्य सरगना विकास तिवारी से रिमांड के दौरान स्पेशल ब्रांच, एटीएस और रामगढ़ पुलिस के द्वारा पूछताछ की गई। इस दौरान उसने गिरोह से जुड़े कई राज खोले हैं। उसने उन लोगों के नाम बताएं हैं, जो उनके संगठन के लिए काम करते हैं। कौन व्यक्ति रामगढ़ शहर में है। कौन पतरातू में और कौन किस इलाके में काम कर रहा है। सारी जानकारी उसने दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि विकास तिवारी ने पूछताछ में बताया कि पतरातू प्रखंड के बहुत से पत्रकार मेरे संपर्क में है। जिसके बाद पुलिस मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस पत्रकार और गिरोह के सांठगांठ के भूमिका की जांच कर सकती है। जिसमें कई वरिष्ठ पत्रकार जांच के दायरे में आ सकते हैं।

सूत्र बताते है कि विकास तिवारी ने यह बताया कि जेल के अंदर से ही पूरे गिरोह की कमान उसने संभाल रखी है। रामगढ़ जेल में बंद गोविंद राय और ओमप्रकाश को उसने अपना आदमी बताया है। विकास तिवारी ने यह भी कहा है की जेल के बाहर उसके संगठन का संचालन कौन कर रहा है। पुलिस अब इन सारे बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विकास तिवारी ने पलामू डबल मर्डर केस में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने बताया है कि पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गरदा गांव में दीपक साहू और भरत पांडे छुप कर रह रहे थे। उन दोनों का सांठ–गांठ अमन श्रीवास्तव गिरोह से हो गया था। इसके अलावा वे पांडे गिरोह के खिलाफ गतिविधियों में शामिल थे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत साहेबगंज नगर में शिविर का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के झंडा मेला वार्ड संख्या 26 में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण हेतु योग्य लाभुकों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में वैसे लाभुक, जो योजना के लाभ से वंचित रह गए थे, उनके आवेदन ऑनलाइन जमा कराने एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। शिविर में आवास योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, रतना गुप्ता, सरवरी खातून एवं कमल कुमार उपस्थित थे। अधिकारियों ने लाभुकों को योजना की प्रक्रिया, पात्रता एवं दस्तावेजों की जानकारी दी। साथ ही योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया को समय पर पूरा करने की अपील की गई। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। नगर परिषद द्वारा इस तरह के शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।

# झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन व स्वास्थ्य लाभ नहीं मिला तो 24 मार्च को विशाल प्रदर्शन की चेतावनी

लोकतंत्र की आवाज





**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आज डोरंडा स्थित केंद्रीय कार्यालय में हुई. बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों की ओर से अल्फ्रेड आइंद के अगुवाई में राज्यसभा सांसद महुआ माजी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ हेतु प्रार्थना की गई.

बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने की. कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी को राजकीय मान–सम्मान, अलग पहचान, जेल जाने के बाध्यता समाप्त करते हुए समान पेंशन राशि 50–50 हजार रुपया, स्वास्थ्य लाभ देने के मामले में विशेष चर्चा हुई एवं सरकार के द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं किए जाने पर 24 मार्च को विधानसभा के समक्ष विशाल प्रदर्शन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं से विस्थापित हुए रैयत परिवार के लोग हजारों हजार की संख्या में परंपरागत हथियारों एवं लाल हरे झंडे के साथ शामिल होंगे।

बैठक में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा उपाध्यक्ष ड्रा. रामनाथ मेहता, अर्जुन कुमार , लाल धन महतो, जीतन कोल, बुधन कोल, नंदलाल कोल, सोमारी उरांव, केंद्रीय कोषाध्यक्ष सरोजिनी कच्छप, जगत महतो, छोटा नागपुर प्रमंडल की अध्यक्ष रोजलीन तिर्की खूंटी जिला अध्यक्ष विजय सिंह सुशीला लकड़ा भोला सिंह , सुजात तोप्पो,रतिया इंदावर, ननिर्मल केरकेट्टा, प्रकाश खलखो,विजय उरांव, बोलो उरांव, पैट्रिक उरांव, ठाकुर राम महतो, जोसेफ मिंज, सुकरा उरांव, मंगरा उरांव, महेंद्र ठाकुर, उमेश राणा, रंजन बाड़ा, दिवाकर साहू, कोनोस्तान तोप्पो, पुनीत भगत, नीलू देवी, सीता देवी, मिनी बाड़ा, मुरल राम, खगेन्द्र वर्मा, महबूब अंसारी, भोलानाथ सिंह, सुशीला लकड़ा, ईशाक लकड़ा, चोनस कुजूर, हीरालाल गोप, सुबोध लकड़ा, प्रतिमा कुजूर, प्रभु साहू सहित अन्य उपस्थित थे.

# कतरास बाजार में शॉर्ट सर्किट से आग, लाखों का नुकसान

लोक तंत्र कीआवाज



**धनबाद।** खरखरी कांड से जुड़े अवैध हथियार और बम बरामदगी मामले में आरोपी कारू यादव की जमानत याचिका मंगलवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत ने खारिज कर दी। कारू यादव 15 जनवरी से जेल में बंद है, और उसके खिलाफ मधुबन थाना में नौ अलग–अलग मामले दर्ज हैं।

**अवैध हथियारों का खुलासा ऐसे हुआ:** पुलिस के अनुसार, इस मामले की जांच के दौरान आरोपी राम लखन महतो ने खुलासा किया था कि वह कारू यादव के इशारे पर अवैध हथियार रखता था और जरूरत पड़ने पर उनका इस्तेमाल करता था। पुलिस की पूछताछ में राम लखन ने बताया कि वह हथियार और विस्फोटक बरामद करवा सकता है। राम लखन की निशानदेही पर पुलिस ने खरखरी स्थित बड़ा तालाब के पास एक आइसक्रीम दुकान से चौकी के ऊपर रखे कार्टन में एक लोडेड पिस्टल, मैगजीन (जिसमें पांच जिंदा गोलियां थीं) और एक जिंदा देसी सुतली बम बरामद किया।

**कई आरोपियों पर केस दर्ज:** इस मामले में आइसक्रीम दुकान के मालिक शशि विश्वकर्मा सहित कारू यादव, वीरेंद्र यादव, विनोद यादव, बजरंगी पासवान, रॉकी मोदक, रोशन यादव, रवि विश्वकर्मा और प्रदीप यादव के खिलाफ आर्म्स एक्ट और एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**कोर्ट ने नहीं दी राहत :** कारू यादव की जमानत याचिका पर अदालत में सुनवाई हुई, लेकिन गंभीर आरोपों को देखते हुए न्यायालय ने उसे जमानत देने से इंकार कर दिया। मामले में आगे की जांच जारी है और पुलिस इस कांड से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है।

# नीलाम्बर पीताम्बर यूनिवर्सिटी भवन निर्माण में अनियमितता उजागर होने के बाद छात्रों में आक्रोश, राशि रिकवरी की मांग

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)** । नीलाम्बर पीताम्बर यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य एक बार फिर से चर्चा में है. यूनिवर्सिटी का गठन 2009 में हुआ था. एक दशक से भी अधिक समय तक एनपीयू का प्रशासनिक भवन किराए के मकान में चल रहा था. 2018–19 में यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ था. 2023 में यूनिवर्सिटी के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन को हैंडओवर किया गया था.

जिस वक्त यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य का टेंडर जारी हुआ था उस दौरान 104 करोड़ की लागत बताई गई थी. लेकिन भवन जब हैंडओवर हुआ तो 140 करोड़ रुपये का खर्च बताया गया. वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की शिकायत के बाद राजपाल ने यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन के निर्माण कार्य की जांच करायी थी. जांच में कई अनिमियतता पकड़ी गई है और यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से जवाब मांगा गया है. यूनिवर्सिटी के भवन में पानी और फायर सेफ्टी के उपकरण भी मौजूद नहीं हैं.

**छात्रों ने की दोषियों पर कार्रवाई की मांग:** नीलाम्बर पीताम्बर यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन निर्माण में गड़बड़ी उजागर होने के बाद छात्रों ने राशि रिकवर करने की मांग की है. वहीं निर्माण कार्य को लेकर पहली शिकायत करने वाले मणिकांत सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य में कई स्तर पर गड़बड़ी हुई है. नवनिर्मित भवन में ना तो पानी की व्यवस्था है और ना ही फायर सेफ्टी के उपकरण. उन्होंने कहा कि मामले में कार्रवाई की जरूरत है. उन्होंने यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है. वहीं यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता अभिषेक तिवारी ने बताया कि लंबी लड़ाई के बाद यूनिवर्सिटी की स्थापना हुई थी. गड़बड़ी करने वालों से पैसे की रिकवरी की जाए. इधर, झामुमो छात्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि जिस तरह से गड़बड़ी हुई है वह बेहद दुखदाई है. आनन–फानन में भवन को हैंडओवर किया गया है. काफी अच्छा लगा था कि पलामू में यूनिवर्सिटी का विशाल भवन बन रहा है, लेकिन छात्रों के लिए पानी और शौचालय की व्यवस्था तक नहीं है।

# धनबाद के बैंक मोड़ में बिरसा मुंडा की प्रतिमा से छेड़छाड़, धनुष टूटा, तीर गायब

लोक तंत्र कीआवाज



**धनबाद।** शहर के बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। प्रतिमा का धनुष क्षतिग्रस्त पाया गया, जबकि तरकश से एक तीर गायब है।

इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है, और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। मूर्ति से छेड़छाड़ को बिरसा मुंडा के सम्मान पर चोट के रूप में देखा जा रहा है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों में नाराजगी बढ़ गई है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि इस कृत्य को अंजाम देने वालों का पता लगाया जा सके। स्थानीय समाजसेवी और संगठनों ने इस घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से मूर्ति के शीघ्र मरम्मत और सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है।

# गिरिडीह समाहरणालय सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज




**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह, झारखंड।** जिला कौशल समिति डीएससी प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना का एक हिस्सा है। कौशल की तीन व्यापक श्रेणियां होती है प्रथम– तकनीकी, द्वितीय– मानवी एवं तृतीय– वैचारिक। अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में जिला कौशल समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर उनके द्वारा ने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर से कौशल विकास के लिए कार्य योजना तैयार करें एवं रोजगार से जुड़ने के लिए सभी प्रशिक्षणार्थीयों को प्रेरित करे।

गिरिडीह जिला में अवस्थित कारखाना/अस्पताल/मॉल/वित्तिय संस्थान जिसे भी कुशल कर्मी की आवश्यकता है वो जिला में प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षण सेवा प्रदात्ता से संपर्क कर सकते है। साथ ही उन्होनें कहा कि गिरिडीह में कारखाना/अस्पताल/मॉल/होटल व्यवसाय, हेवी व्हीकल व उसकी मरम्मती करना सहित रोजगार के अन्य साधन हैं। इसे ध्यान में रखकर कौशल विकास केन्द्रों में लोगों को प्रशिक्षित करें। बैठक में जिला कौशल समन्वयक श्री नवलेश निहार ने मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत दीनदयाल उपध्याय कौशल केन्द्र, सक्षम झारखण्ड कौशल विकास योजना, बिरसा एवं एक्सेल योजना के बारे में विस्तृत जानकारी सभी जिला कौशल समिति के सदस्यों को दिया गया। श्री नवलेश द्वारा बताया गया कि जिला में कुल संचालित प्रशिक्षण केन्द्र चौदह हैं एवं संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों में अलग–अलग प्रशिक्षण दिया जाता है जैसे सिलाई, कम्प्युटर, हेल्थ केयर, इलेक्ट्रोनिक्स, लोजिस्टिक, कन्सट्रक्सन, फुड प्रोसेसींग आदि सहित रोजगार के अन्य क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाता है।

जिला कौशल पदाधिकारी, श्री रवि शंकर ने योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि झारखण्ड के युवाओ के लिए स्वरोजगार और उद्यमशीलता कौशल विकसित करना, युवाओं की रोजगार की क्षमता में वृद्धि करना उन्हे झारखण्ड एवं भारत के आर्थिक विकास के लिए सशक्त बनाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त जिला नियोजन पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जे०एस०एल०पी०एस०, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, अध्यक्ष चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि एवं गिरिडीह में कार्य कर रहे सभी प्रशिक्षण सेवा प्रदात्ता के प्रतिनिधि इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आपदा प्रबंधन मंत्री विजय कुमार मंडल का अररिया में जोरदार स्वागत, सांसद प्रदीप कुमार सिंह की अगुआई में एनडीए ने किया भव्य अभिनंदन



लोकतंत्र की आवाज
डा. रुद्र किंकर वर्मा
अररिया। बिहार सरकार के आपदा प्रबंधन मंत्री और सिकटी विधायक श्री विजय कुमार मंडल का अररिया आगमन हुआ। उनका यह दौरा विशेष रूप से महत्वपूर्ण था क्योंकि यह उनके शपथ ग्रहण के बाद अररिया में पहला आगमन था। इस मौके पर अररिया के लोकप्रिय सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह की अगुआई में एनडीए परिवार ने सर्किट हाउस में मंत्री विजय कुमार मंडल का भव्य स्वागत किया और उन्हें जोरदार अभिनंदन दिया। सांसद श्री प्रदीप कुमार सिंह ने मंत्री मंडल को फूलों की माला, अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। वहीं, जिला भाजयुमो के अध्यक्ष आकाश राज की अगुआई में मंत्री विजय कुमार मंडल को बाबा सुन्दरनाथ की भव्य तस्वीर भेंट की गई। सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने इस अवसर पर मंत्री मंडल का मुँह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी और इस यात्रा को और भी खास बना दिया। इस भव्य स्वागत समारोह में अररिया के पूर्व प्रत्याशी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय कुमार झा, जिला भाजपा अध्यक्ष आदित्य नारायण झा समेत एनडीए के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। मंत्री विजय कुमार मंडल के इस दौरे को एनडीए परिवार ने एक सकारात्मक कदम के रूप में देखा और उन्होंने उम्मीद जताई कि मंत्री मंडल बिहार राज्य के विकास में अहम योगदान देंगे। एनडीए कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर राज्य की समृद्धि और प्रगति की दिशा में मंत्री विजय कुमार मंडल की भूमिका को लेकर भरोसा जताया।

### हमारा आँगन हमारे बच्चे' उत्सव में सम्मानित हुए 50 बच्चे



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरो रितेश मिश्रा
भरावन/हरदोई। भरावन ब्लाक परिसर में शुक्रवार को बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की ओर से ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह तोमर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कंपोजिट विद्यालय राममदार पुर के छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विकास खंड के कुल 5 न्याय पंचायत से 50 निपुण बच्चों को बैग और स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि विनोद सिंह तोमर ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों और बेसिक शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश त्रिपाठी ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे बच्चों को घर जैसी देखभाल और माता जैसी वात्सल्य प्रदान करें। बाल विकास परियोजना अधिकारी विनय कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र सिंह राणा, व समस्त एआरपी व नोडल शिक्षक फैजी अब्बास, आदित्य प्रकाश मिश्रा, आदि ने संबोधित किया। इस दौरान योगेंद्र सिंह, चेतराम, विष्णु प्रताप, रमेश चंद्र ए.आर.पी, नरेंद्र सिंह, अरविंद सिंह नाथू खेड़ा,दीनू सिंह चौहान,सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### गयाः युवा जदयू के गया नगर अध्यक्ष शिवा पांडेय बने, कुमार गौरव ने दी बधाई



लोकतंत्र की आवाज़
गया। युवा जदयू के गया नगर अध्यक्ष शिवा पांडेय को बनाए जाने पर युवाओं में हर्ष है। शिवा पांडेय बहुत लंबे समय से युवा साथियों के साथ मिलकर काम करते आ रहे हैं। नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर शिवा पांडेय ने कहा कि जिस विश्वास के साथ पार्टी ने मेरे उपर दायित्व सौंपा है उसका पूरी तरह से निर्वहन करुंगा। शिवा पांडेय के युवा जदयू का नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर जदयू जिला प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने बधाई देते हुए कहा कि युवा वर्ग की भी दल की रीढ़ होते हैं, उनके बूते ही किसी कार्य को बेहतर अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है। हमारा हमेशा सहयोग बना रहेगा। इसके अलावे जदयू जिलाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, युवा नेता उत्तम कुमार, बबन चंद्रवंशी, नरेश दांगी, दिवाकर कुमार आदि ने भी बधाई दी है।

# देवकुंड महोत्सव का हुआ शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज





**गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड के देवकुंड धाम स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया गया।यह महोत्सव कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार पटना एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुभारंभ बिहार गौरवगाथा से हुई। इसके पश्चात डीएम श्रीकांत शास्त्री, औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा, एसडीओ मनोज कुमार एवं मठाधीश कन्हैयानंद पुरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप दीप प्रज्वलित कर औपचारिक रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इसके बाद पौधा एवं मोमेंटो देकर सभी अतिथियों को स्वागत किया गया ।देवकुंड गंगाधारी उच्च विद्यालय के छात्राओं ने स्वागत गीतों से अतिथियों को प्रफुल्लित किया।मंच का संचालन निकिता कुमारी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने बताया कि देवकुंड में केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाएगा। उसके लिए जमीन भी उपलब्ध करा दिया गया है। अगर यहां कोई कार्य अधूरा रह गया है तो यहां के स्थानीय लोग हमें अवगत कराने का काम करें। इस तरह के कार्यक्रम से सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा मिलता है। देवकुंड का शिवलिंग काफी पूजनीय है आए दिन कुछ न कुछ विकास कार्य की जाएगी उन्होंने कहा कि मंदिर कैंपस में बहुत जल्द 20 से 25 लाख रुपए खर्च कर स्टोन लगाया जाएगा।

कुछ दिन पहले औरंगाबाद में आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान बहुत से नई-नई योजनाओं का शिलान्यास किया है। हमें यहां के महंत जी के द्वारा ऑफर दिया गया है कि हमारे पास मठ के सैकड़ों एकड़ जमीन खाली पड़ा है अगला प्रोजेक्ट कहीं से आया तो उसका निर्माण देवकुंड में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले देवकुंड में पूजा करने आए थे और उसी दौरान कमरा विहीन स्थानीय उच्च विद्यालय के बारे में छात्राओं के द्वारा जानकारी मिली थी। इसका भी टेंडर हो चुका है बहुत जल्द विद्यालय में कमरों का निर्माण करा दिया जाएगा। वहीं जिला पदाधिकारी ने जिले में चल रहा है अन्य विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। वहीं वहीं देवकुंड मठाधीश कन्हैयानंद पुरी ने कहा कि देवकुंड मठ के पास सैकड़ों एकड़ जमीन उपलब्ध है।अगर सरकार को विकास कार्यों में जरुरत पड़ी तो दी जाएगी।

महोत्सव के दौरान संबोधन में औरंगाबाद सांसद अभय कुशवाहा ने कहा कि देव, देवकुंड और उमगा तीनों एक ही रात में विश्वकर्मा भगवान के द्वारा बनाया गया मंदिर है। इस पावन भूमि देवकुंड को भी पर्यटन स्थल का दर्जा दिया जाए। क्योंकि देव, देवकुंड और उमगा तीनों औरंगाबाद जिले में स्थित है जो गौरव की बात है। तीनों को जोड़कर विकास किया जाए। जो भी विकास कार्य बाधित है उसे पर ध्यान आकर्षित कराएं आवाज संसद में भी उठाई जाएगी।

देवकुंड धाम की प्राचीनता पर प्रकाश डालते हुए अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि भगवान श्री राम के द्वारा यहां का शिवलिंग स्थापित है।यह शिवलिंग काफी पूजनीय है। प्रत्येक वर्ष लाखों श्रद्धालु यहां पूजा अर्चना करने आते हैं।यह पावन स्थल च्यवन ऋषि का तपोभूमि के रूप में जाना जाता है। यहां विभिन्न प्रकार के औषधियां पाये जाते हैं।इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान लोकप्रिय गायक आलोक कुमार नें ये प्रयागराज हैं आदि गीत गाकर महोत्सव में शमा बांध दिया।

वहीं गजल गायक राजा मंडल ने अनेकों प्रकार की गजलों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस महोत्सव में आए हुए गणमान्य लोगों को गोह बीडीओ डॉ राजेश कुमार दिनकर ने धन्यवाद ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर गोह- हसपुरा प्रखंड व अंचल के दर्जनों सरकारी कर्मी, विद्यालय के छात्र छात्राएं, दर्जनों विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के साथ पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# कालपी नगर में सफेद हाथी बने खड़े दो नलकूप

लोकतंत्र की आवाज



● नलकूप खराब विभागीय अधिकारी कुम्भ करणीय नीद में सो रहे

**कालपी जालौन।** कालपी नगर में जल संस्थान की घोर लापरवाही के चलते कालपी नगर दो नलकूप खराब पड़े जिसकी मोहल्ले वासियों ने कई उच्च्य अधिकारियो से नलकूप सही कराने की शिकायत की लेकिन नल कूप विभाग के अधिकारियों को जू तक नहीं रेंगी जिससे मोहल्ले वासियों ने परेशान होकर जिलाधिकारी से नल कूप सही कराने की मांग की । मोहल्ले के लोग पीने के पानी को मोहताज, कालपी नगर के अलग-अलग स्थानों में स्थापित जल संस्थान के नलकूप खराब पड़े हैं जिससे कई मोहल्लों की पानी की आपूर्ति प्रभावित हो गई। विभागीय अभियंता हाथ पर हाथ रखे बैठे। और नलकूप खराब पड़े जिसे ठीक कराने के लिए उरई कार्यालय के चक्कर काट रहे नगर वासी, ।एक नलकूप की जगह दो स्थानों पर अलग अलग नलकूप खराब पड़े जब भी नगर वासी जाते है अधिकारियों के पास तो यह कह कर टाल दिया जाता है कि कल हो जाएगा सही लेकिन कोई सुनने वाला नहीं त्रस्त होकर नगर वासियों जिला अधिकारी से ठीक कराने की मांग की ।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक स्थानीय नगर के मोहल्ला कागजीपुरा में जल संस्थान के नलकूप नंबर 14 में विद्युत फाल्ट आने से समरसेविल मोटर फुक गई। जिसके फल स्वरूप कई मोहल्ले की पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी पानी की व्यवस्था गड़बड़ा गई। सूचना पाकर अबर अभियंता वाशिद अली ने नगर में पहुंचकर भ्रमण किया और जानकारी कर जायजा लिया। और मुख्यालय में बने स्टोर इंचार्ज को जानकारी दी कि नया समरसेविल मोटर मंगवा कर स्थापित कराया जाय । नया मोटर लगने पानी की आपूर्ति चालू हो जाएगी लेकिन अभी तक नलकूप का संचालन नहीं हो सका। इसी प्रकार मोहल्ला महमूदपुरा में स्थापित जल संस्थान का नलकूप नंबर 10 में विधुत केवल खराब होने से विद्युत दोष उत्पन्न हो गया। परिणाम स्वरूप नलकूप का संचालन ठप हो गया। नलकूप बंद हो जाने से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई। 14 नंबर नलकूप महमूदपुरा व 10 न नलकूप को जल्द सही कराया जाए जिससे नगर वासियों को जल आपूर्ति की सुविधा मिल सके , इसरार छोटे, मनोज, मिस्टर सहित अन्य लोगों ने मांग की ।

# वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बस, एवं ट्रक यूनियन के पदाधिकारियो के साथ बैठक की

लोक तंत्र की आवाज



**उरई जालौन।** जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के बस एवं ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों के साथ उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में बैठक आहूत की गयी।

बैठक में सुरेश कुमार वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित बस एवम् ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों को यह बताया कि आप अपने चालकों को यह निर्देश दें कि वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा न करें, शराब पीकर वाहन न चलायें, ओवर स्पीड में वाहन न चलाये, वाहन को ओवरटेक न करें, गलत दिशा में वाहन न चलायें व यातायात नियमों का पालन करें, जिससे सड़क दुघर्टनाओं में कमी लायी जा सके।

उक्त बैठक में विनय कुमार पाण्डेय यात्रीकर/मालकर अधिकारी, बस एवम् ट्रक यूनियन के पदाधिकारी अरविन्द्र कुमार दुबे, रघुवीर शरण, लक्ष्मीकान्त, ब्रजनन्दन, विनोद कुमार, राजप्रताप सिंह, गजेन्द्र गुर्जर, सौरभ कुमार आदि उपस्थित रहे।

# महिला IAS बनीं मिसाल..बिना कोचिंग पीसीएस के बाद यूपीएससी में गाड़ा झंडा, दिन में प्राइवेट जॉब...रात में पढ़ाई करते हुए पाई सफलता

लोक तंत्र कीआवाज

**पटना ।** कहते हैं कि अगर आपमें कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो आप किसी भी मुश्किल को पार करते हुए सफलता हासिल कर सकते हैं। ऐसी ही कहानी है बिहार की आईएएस श्वेता भारती की। जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन की बदौलत सफलता हासिल की है। यूपीएससी सिविल सर्विस की परीक्षा क्रैक करने के लिए कम से कम 9 घंटे की पढ़ाई जरूरी है। वहीं, बिहार की रहने वाली श्वेता भारती ने प्राइवेट नौकरी में 9 घंटे की ड्यूटी करने के साथ एग्जाम को क्रैक कर इतिहास रच दिया है। हालांकि, श्वेता का सफर आसान नहीं था।

सिविल सेवा परीक्षा को देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक माना जाता है। लाखों लोग इस परीक्षा में



सफलता पाने का सपना देखते हैं, लेकिन कुछ ही वह मुकाम हासिल कर पाते हैं। बिहार की श्वेता भारती ने अपनी मेहनत, लगन और जुनून की बदौलत सफलता हासिल की है। बिना किसी कोचिंग के दिन में 9 घंटे की नौकरी के साथ संघर्ष करते हुए और रात में नींद को त्यागकर पढ़ाई करते हुए, श्वेता ने यूपीएससी 2021 में अखिल भारतीय रैंक (एआईआर) 356 हासिल की और आईएएस अधिकारी बनने का गौरव प्राप्त किया। बिहार के नालंदा जिले के राजगीर बाजार की रहने वाली श्वेता भारती बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी थीं। उन्होंने पटना के ईशान इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल से स्कूली शिक्षा पूरी की और फिर भागलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रिकल और टेलीकम्यूनिकेशन में बीटेक की डिग्री हासिल की। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद, उन्हें प्रतिष्ठित आईटी कंपनी विप्रो में नौकरी मिल गई। लेकिन श्वेता के मन में हमेशा सिविल सेवा में जाने की तीव्र इच्छा थी।

श्वेता भारती के लिए यूपीएससी की तैयारी और नौकरी के बीच संतुलन बनाना आसान नहीं था। ऑफिस में 9 घंटे काम करने के बाद भी उन्होंने हर रात खुद को पढ़ाई के लिए समर्पित कर दिया। सोशल मीडिया और दोस्तों से दूरी बना ली। तैयारी के दौरान उन्होंने अपने स्मार्टफोन तक का इस्तेमाल बंद कर दिया क्योंकि उनका लक्ष्य केवल आई ए एस बनने पर केंद्रित रहे। यूपीएससी की तैयारी के दौरान ही, श्वेता ने बीपीएससी65वीं परीक्षा भी पास की और 65वीं रैंक के साथ कार्यक्रम पदाधिकारी (डीपीओ) के रूप में सरकारी सेवा में चयनित हो गईं। यह उनके लिए एक बड़ा अवसर था, लेकिन उनका सपना केवल यहीं तक सीमित नहीं था। उन्होंने बीपीएससी की नौकरी को अंतिम लक्ष्य न मानकर, यूपीएससी की तैयारी जारी रखी। आखिरकार, उनकी लगातार मेहनत रंग लाई और यूपीएससी 2021 में एआरआई 356 के साथ वह आईएएस अधिकारी बन गईं। आज वे बिहार के भागलपुर में असिस्टेंट कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं और लाखों युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

# गिरिडीह अशोका इंटरनेशनल होटल में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**

**गिरिडीह ,झारखंड।** समाज कल्याण विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर, फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल, सपोर्टिव सुपरविजन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न. देर से प्राप्त समाचार अनुसार विगत दिवस ही अशोका इंटरनेशनल होटल में समाज कल्याण विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर, फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल, सपोर्टिव सुपरविजन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी की उपस्थिति में सभी पर्यवेक्षिका को प्रशिक्षित किया गया।





पोषण ट्रैकर नाम के इस एप के सफल क्रियान्वयन को लेकर प्रखंड व जिला स्तर पर आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विभागीय निर्देश के आलोक में लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में हो रही देरी को खत्म करने के लिए पोषण ट्रैकर मोबाइल एप के माध्यम से सभी कार्य समय पर संपन्न कराना है। प्रशिक्षण से सभी सेविकाओं को काम करने में सहूलियत होगी। पोषण ट्रैकर नाम के इस एप के उपयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों का मूल्यांकन व निगरानी आसान होगा। साथ ही पोषाहार का ऑनलाइन ऐप के माध्यम से रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी।

मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रयाल, भारत सरकार द्वारा विकसित, पोशन ट्रैकर एप सभी आंगनवाड़ी केंद्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, और लाभुकों की वास्तविक समय की निगरानी और ट्रैकिंग सक्षम बनाता है। सेविकाओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चलाए जा रहे पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों से संबंधित जानकारी को पोषण ट्रैकर एप पर अपलोड करने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, गिरिडीह, डुमरी, चाइल्ड लाइन के अधिकारी, डीसीपीयू के अधिकारी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर, यूनिसेफ, सभी सुपरवाइजर, सेविका, सहायिका समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# पटना में दलित समागम सम्मेलन की सफलता राजनीति के नए आयाम स्थापित करेगी : मांझी

लोकतंत्र की आवाज़

**गया ।** पटना के गांधी मैदान में आयोजित समागम रैली में बिहार के सभी जिलों के लोग हजारों हजार की संख्या में शामिल हुए सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने कहा कि जिसमें आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए राजनीतिक एकजुटता को दिखाना होगा आजादी के 78 वर्ष से अधिक बीत जाने के बाद भी हम गरीब दलित महादलित परिवार जीवन के मूलभूत सुविधा रोटी कपड़ा और मकान से हम आज भी वंचित है जिसके कारण हमारे लोगों पड़ती है स्मार्ट सिटी के नाम पर पटना के शहरों में ग्रामीणों को विस्थापित किया जा रहा है लेकिन विस्थापित करने से पहले उनको बसाना जरूरी है।

समय रहते इन मुद्दों को लेकर के सरकार को ध्यान आकर्षण करते रहे हैं लेकिन अभी तक इसका हल नहीं किया जा सका है। सभा को संबोधित करते



हुए हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार सरकार के मंत्री डॉ संतोष मांझी ने कहा है कि हमारी पार्टी गरीब गुरुओं को नेतृत्व का मौका देना चाहती है। इस सम्मेलन में बिहार के कई जिलों के साथ ,दिल्ली ,उतर उत्तरप्रदेश ,केरल ,तमिलनाडु ,झारखंड ,दमनदीप के भी प्रदेश के प्रतिनिधी भी शामिल रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता ई नंदलाल मांझी ने कहा कि दलित समागम सम्मेलन में मगध प्रमंडल के जिला से लोगो की सफल सहभागिता रही है। लोगों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया है । लोगों का आशीर्वाद एनडीए के साथ है। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय प्रधानमंत्री राजेश पांडे जो मिडिया के लोगो का नंबर ब्लाक करते हैं कुछ गया के पत्रकार को कहे है संगठन सचिव कौशलेंद्र देंगे फतेहपुर प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रोफेसर राधेश्याम दलित पर पोस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश्वर मांगे शंकर राम कमल परवेज गीता देवी दो अस्मिता शर्मा दिलीप यादव कमलेश सिंह जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया है।

# विकलांग बच्चों के माता के आधार पर गलत तरीके से सचिव का चुनाव मध्य विद्यालय भंडार चानन लखीसराय में, शिकायत

लोक तंत्र कीआवाज

**लखीसराय (सुजीत कुमार)।** सचिव पद के चुनाव को लेकर एक बार फिर विद्यालय का नाम सुर्खियों में उजागर हो गया है, मध्य विद्यालय भंडार चानन लखीसराय में अवैध तरीके से विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव का चयन करने को लेकर रूबी देवी, राजेश कुमार, चिंटू यादव, सरिता कुमारी, सीमा देवी, विजय कुमार संग अन्य लोगों ने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चानन लखीसराय को आवेदन देने का काम किया।

आवेदन के जरिए इन लोगों ने कहा कि दिनांक 27 फरवरी को मध्य विद्यालय भंडार में शिक्षा समिति के सचिव का चुनाव पर्यवेक्षक शंभू नाथ झा के निगरानी में किया गया जिसमें सोनी कुमारी पति राजा राम सिंह ग्राम भंडार के निवासी का चयन विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव





के पद पर किया गया। इनका चयन विकलांग बच्चों के माता के आधार पर किया गया, जबकि इनका बच्चा मयंक कुमार वर्ग 5 क्रमांक 77 किसी तरीके से विकलांग नहीं हैं इसकी जांच विभागीय स्तर से की जा सकती है जो कि विभागीय नियमावली के संगत नहीं है। इन लोगों ने कहा कि मयंक कुमार नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित भी नहीं होता है और वर्तमान माह में भी उसकी उपस्थिति नहीं के बराबर है। अगर गलत तरीके से इस चुनाव को कर लिया गया तो चुनाव को रद्द करके नए सिरे से चुनाव सम्पन्न कराया जाए और सही सचिव का चुनाव किया जाए। वहीं इनके अलावे राहुल कुमार, सुमन कुमारी, वंदना कुमारी, ललिता देवी, अनीता देवी आदि ने भी इस पर सवाल उठाने का काम किया।

# मोतिहारीः रक्सौल में महिला तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली टैबलेट बरामद

लोकतंत्र की आवाज

**मोतिहारी।** शराबबंदी वाले बिहार में अल्टरनेटिव नशा का कारोबार खूब फल फूल रहा है। यहां तक कि होमियोपैथी और एलोपैथी दवाओं का प्रयोग भी धड़ल्ले से हो रहा है। बिहार के पूर्वी चंपारण में प्रतिबंधित कफ सिरप और नशीली दवा के साथ एक महिला तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पूर्वी चंपारण पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के नेतृत्व में पुलिस लगातार अपराधियों एवं नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार करवाई कर रही है, इसी क्रम में महिला के पास से भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद हुआ है। मोतिहारी पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ा अभियान चलाते हुए एक महिला तस्कर को प्रतिबंधित कफ सिरप की 128 बोतलें और 2100 नशीली टैबलेट बरामद किया है। गुप्त सूचना के आधार पर रक्सौल पुलिस ने कार्रवाई की



और प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ महिला को धर दबोचा। बता दें कि नेपाल से सटे सीमावर्ती इलाकों में सूखे नशे का कारोबार फल फूल रहा है। हालांकि पुलिस इलाके में सघन अभियान चलाकर धंधेबाजों को पकड़ती भी है लेकिन धंधेबाज अपनी करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। मोतिहारी पुलिस ने आज महिला तस्कर को पकड़ा है। जिससे यह पता चलता है कि पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी नशीले पदार्थों की तस्करी कर रही है।

# गेहूं का समर्थन मूल्य 150 रुपया प्रति कुंतल बढ़ाया

लोकतंत्र की आवाज

**राकेश पाण्डेय**

**सीतापुर।** सरकार ने इस वर्ष गेहूं की खरीद पर एक सौ पचास रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी कर दी है जिसके बाद अब गेहूं सरकारी गेहूं की खरीद 2425 रूपया प्रति कुंटल में होगी। जिले भर में सरकारी गेहूं की खरीद एक मार्च से प्रारंभ होगी।पिछले वर्ष के सापेक्ष एक सौ पचास रुपए की वृद्धि करते हुए गेहूँ का समर्थन मूल्य चौबिस सौ पच्चिस रुपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार कृषकों की सुविधा के लिए इस वर्ष एक सौ सत्तर गेंहूँ खरीद केन्द्र जिलाधिकारी के स्तर से अनुमोदित किये गये है।क्रय संस्था खाद्य विभाग के तेइस,पी.सी.एफ के अस्सी,पी०सी०यू० चौव्वालिस,यू पी.एस.एस. के दस,भारतीय खाद्य निगम के दस एवं मण्डी समिति के



● अब गेहूं की खरीदारी होगी 2425 रुपया प्रति कुंतल के हिसाब से

तीन क्रय केन्द्र हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी उदय प्रताप सिंह सिशौदिया ने बताया कि जनपद में गेंहूँ विक्रय हेतु कृषक पंजीकरण एक जनवरी 2025 से प्रारम्भ है।अद्यतन तिथि तक तैंतिस सौ पैंतालिस किसानों द्वारा कृषक पंजीकरण कराया गया है। कृषक भाई गेंहूँ विक्रय के पूर्व किसी भी जनसुविधा केन्द्र, साइबर कैफे, मोबाइल फोन तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से खाद्य विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण नवीनीकरण करा सकते है।

जिन किसानों द्वारा पूर्व में पंजीकरण कराया है उन्हे दुबारा पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है,केवल वॉछित संशोधन कर डेटा लॉक कराना है। बिकी के समय क्रय केन्द्रों पर किसान के स्वयं उपस्थित न होने पर पंजीकरण प्रपत्र में परिवार के नामित सदस्य का विवरण एवं आधार नंबर फीड कराना अनिवार्य है।

कृषि विभाग द्वारा पांच लाख इकतिस हजार छाछठ कृषक भाइयों को गेंहूँ पंजीकरण कराये जाने हेतु एस.एम.एस. प्रेषित किये गये हैं। उन्होंने कृषकों से अपील है कि अधिक से अधिक किसान गेहूँ पंजी करण कराने करा लें। एक मार्च 2025 से गेंहूँ क्रय केन्द्रों पर भी कृषक अपना निःशुल्क पंजीकरण करा सकते हैं।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।